06 जून 2025 | रांची, शुक्रवार | वर्ष-26, अंक- 124, पृष्ठ-09 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com


ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





## सीएम से मिले एनडीआरफ के कमांडेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में एनडीआरएफ, झारखंड -बिहार के कमांडेंट सुनील कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की

# राष्ट्रपति के देवघर आगमन को यादगार बनाएं : मुख्य सचिव

- 10-11 जून को राष्ट्रपति के देवघर प्रवास के दौरान तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच रही हैं। इस दौरान वह बाबा बैद्यनाथधाम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी।

मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को यादगार बनाने पर बल देते हुए हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अबाधित विद्युत व्यवस्था पर जोर देते हुए राष्ट्रपति के आने-जाने वाले मार्ग के लैम्प पोस्ट, गैबियन और सड़क स्वच्छता पर विशेष फोकस करने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की व्यवस्था तय करते हुए उसकी जवाबदेही संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


समीक्षा के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा चार आइपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में तमाम पुलिसकर्मी संभालेंगे। उसमें आइबी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। वहीं अन्य व्यवस्था की निगरानी बतौर नोडल पदाधिकारी वाणिज्य कर विभाग के सचिव श्री अमिताभ कौशल करेंगे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जवाबदेही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की होगी।

इसी तरह समीक्षा के दौरान मंच की व्यवस्था के प्रारूप, राष्ट्रपति के प्रत्येक कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारी को नामित करना, देवघर एयरपोर्ट, बाबा मंदिर और एम्स, देवघर में आगवानी और विदाई के दौरान उपस्थित रहनेवाले महानुभावों की सूची, एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट और बुके की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान की व्यवस्था, कारकेड की व्यवस्था, आउट राइडर्स की व्यवस्था, फोटोग्राफरों के लिए खुली जीप की व्यवस्था, बैगेज वैन एवं बैगेज कर्मी तथा छाता की व्यवस्था, देवघर एयरपोर्ट से परिसदन, बाबा मंदिर और एम्स तक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था और मंच से संबोधित करनेवाले महानुभावों की सूची पर विस्तृत चर्चा के बाद जवाबदेही तय की गयी। उसके अतिरिक्त समीक्षा के दौरान राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के दौरान उनके साथ आये लोगों के आवासन और भोजन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सीय व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था आदि पर भी फोकस किया गया।

## बाबा कार्तिक उरांव फ्लाई ओवर नाम रखकर सीएम ने एक तीर से दो शिकार किए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल विवाद को लेकर रांची बंद और पिछले दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन का अंत निकलने में सीएम हेमंत सोरेन ने बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है। हेमंत सोरेन ने एक बार फिर से मास्टर स्ट्रोक खेला है। एक तीर से दो शिकार कर दिए हैं। सीएम ने सिरमटोली फ्लाईओवर का नाम वरिष्ठ आदिवासी नेता कार्तिक उरांव के नाम पर रखने की घोषणा कर दी। इससे एक ओर आदिवासी विरासत को सम्मान दिया, दूसरी सिरम टोली सरना स्थल विवाद को लेकर रांची बंद और पिछले दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन का बहुत ही अनोखा हल निकालने में सीएम हेमंत सोरेन ने बहुत ही सूझबूझ का परिचय दिया है जिसे राजनीति का मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है। सिरम टोली चौक से राजेंद्र चौक तक 2.34 किलोमीटर लंबे फोरलेन फ्लाईओवर, एलिवेटेड पथ और रेलवे ओवरब्रिज ( आ र ओ बी ) परियोजना का उद्घाटन किया। इस परियोजना की नींव 19 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई थी। अचानक फ्लाई ओवर का उद्घाटन से भीड़ तो नहीं उमड़ी पर अब रांची की सड़कों की भीड़ कम जरुर हो जाएगी और उन्होंने एक तीर से दो शिकार कर दिए हैं।



## सरकारी विद्यालयों में किया गया पौधरोपण



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के पौधरोपण किया गया। उपायुक्त के दिशा निर्देश पर ग्रीष्मावकाश के दौरान ही कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों को पौधा की व्यवस्था कर लेने का गृह कार्य दिया गया था। ग्रीष्म अवकाश के पश्चात गुरुवार को सभी विद्यालय खुले और लगभग डेढ़ लाख पौधे छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं अधिकारियों के द्वारा लगाए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सितंबर तक रांची जिले में 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### आजसू को विदेश मंत्रालय ने भेजा जवाब

## नाइजर में अपहरण किए मजदूर हैं सुरक्षित, वापसी का प्रयास जारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में आतंकियों द्वारा अपहरण किए गए पांच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर आजसू लगातार प्रयास कर रहा है। ये सभी पांच भारतीय नागरिक झारखंड के गिरिडीह जिले के बाग़ोदर के निवासी हैं। यह घटना 25 अप्रैल 2025 को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी के सकोइरा में घटी। इस हमले में 12 नाइजर सैनिकों की जान चली गई। इस दौरान आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन परियोजना में काम करने वाले भारत के झारखंड राज्य के गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर के पांच मजदूरों संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू महतो , और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया था। ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। घटना की सूचना के बाद आजसू हुआ सक्रिय इस घटना की सूचना के बाद आजसू सक्रिय हुआ। आजसू ने इस विषय की जानकारी लिखित तौर पर पूर्ण विवरण के साथ विदेश मंत्रालय को उपलब्ध करायी। जिसके बाद विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ। पत्र लिखने के बाद आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने सभी पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात की थी और उन्हें आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करायी थी।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने हैदराबाद में किया पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हैदराबाद के बेगमपेट एयर बेस पर पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पहल "एक पेड़ माँ के नाम" के तहत पर्यावरण स्थिरता और पारिस्थितिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मंत्री द्वारा एक गुलमोहर का पौधा लगाया गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) की प्रगति और प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए हैदराबाद के तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। यात्रा के दौरान, उनका वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करने, प्रमुख सुविधाओं का निरीक्षण करने और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत चल रही परियोजनाओं का आकलन करने का कार्यक्रम है।

## प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार इसे बचाने का संकल्प लें: सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुदेश महतो रांची जिले के बुढ़मू पहुँचे। यहाँ प्रखंड के कोठारी में जल, जंगल, जमीन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण को बचाने का अपना संकल्प दोहराया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा की प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार है। इस संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। हमें जंगल उजाड़ कर खनन से राजस्व प्राप्त करने के लक्ष्य को त्यागना होगा। हमें जंगलों को बचाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा।

जंगल को बचाने का जो मॉडल और परंपरा हमारे पास वह दुनिया के लिए अनुकरणीय हो सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का मूल आधार है और इसे संतुलित रखने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेने का आह्वान किया, जिसमें पौधारोपण के साथ-साथ पहाड़, पर्वत, नदी-नाले और जल स्त्रोतों को बचाने का संकल्प शामिल हो। श्री महतो ने सुझाव दिया कि पर्यावरण को धर्म और संस्कृति से जोड़कर भी इसके संरक्षण को और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "पर्यावरण संरक्षण केवल एक कार्य नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।" वन बचाओ अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



## अधिक से अधिक पौधे लगाएं सभी नागरिक : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर राज भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपने जीवन में अधिक-से-अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आग्रह किया।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव की जरुरत : कुलपति

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के पर्यावरण विज्ञान विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष की वैश्विक थीम "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" (प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें) पर आधारित विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए, बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने विश्वविद्यालय के चरक औषधीय उद्यान में पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण के लिए सजग होना होगा। विश्वविद्यालय और स्थानीय समुदाय को जुड़कर इस दिशा में सकारात्मक बदलाव की ओर कार्य करना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में कुलसचिव के कोशला राव, ‍िक्षा नियंत्रक डॉ बीबी मिश्रा और प्रो. अरविंद चंद्र पांडेय भी मौजूद थे। सभी ने पौधरोपण कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। पौधरोपण के तहत नीम, तेजपत्ता, तुलसी, हडजोड़, कढ़ीपट्टा, धतूरा, नींबू के पौधे लगाए गए।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधरोपण



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक जीवन शैली को प्रोत्साहित करना, वनों की अंधाधुंध कटाई पर नियंत्रण पाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति जनमानस को प्रेरित करना था। मौके पर संस्थान के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने का शपथ लिया।

## योग शिविर का हुआ समापन



**रांची।** स्वामी सत्यानंद योग पर आधारित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन सत्र का उद्घाटन रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी भावेशानंद के द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में स्वामी भावेशानंद ने योग मित्र मंडल और डिवाइन योगा एकेडमी की इस पहल का अभिनंदन किया और कहा कि इस तरह के शिविर लगाने की जरूरत है। शिविर मे सत्यानंद योग पर आधारित योग की विभिन्न आयामों को कराया गया जिसमें आसन, प्राणायाम, शवासन, योग निद्रा, ध्यान आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। डिवाइन योगा एकेडमी केंद्र की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह द्वारा शिविर को संचालित किया गया। शिविर में लगभग सैकड़ो लोगों की भागीदारी रही। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। समापन सत्र में योग मित्र मंडल रांची के रामकुमार कटारिया, निर्मल कटारिया (कोऑर्डिनेटर, योग मित्र मंडल), सांस्कृतिक सचिव अभिषेक आनंद और रोशनी रेखा (कोऑर्डिनेटर, डिवाइन योगा एकेडमी) के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# पर्यावरण संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प अधूरा होगा : बाबूलाल मरांडी

- मां जन्म देती हैं ,पेड़ जीवन देते हैं
- पर्यावरण बचेगा तभी मानवता बचेगी : कर्मवीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गुरुवार को पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बूथ से लेकर प्रदेश तक के नेताओं,कार्यकर्ताओं और पार्टी के जन प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर पौधरोपण किया।

प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सांगठनिक प्रवास के दौरान साहेबगंज जिला मुख्यालय स्थित गौशाला परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। लेकिन विकसित भारत का संकल्प पर्यावरण की रक्षा के बिना अधूरा होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, मजबूत भारत के साथ हमे हरित भारत भी बनाना है। भारत की सनातन परंपरा ने मां भारती का स्वरूप शस्य श्यामला ,सुजलाम , सुफलाम है। उन्होंने कहा कि एक मां जो हमें जन्म देती है और दूसरी मां प्रकृति जो हमें जीवन देते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम करने का आह्वान किया। कहा कि पौधरोपण में फलदार और औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी लगाए जाएं जो मनुष्यों के अलावा पशु पक्षियों केलिए भी उपयोगी हो। प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह ने कहा कि व्यक्ति और समाज तभी बचेगा जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। जीवों का शरीर पांच तत्वों से बना है। और पंच तत्वों की सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है।



## सनातन संस्कृति और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं : डॉ रविंद्र कुमार राय

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने अपने पैतृक गांव में पौधरोपण करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति जंगलों में प्रकृति के बीच पुष्पित पल्लवित और विकसित हुई है। सनातन संस्कृति के व्यवहार संस्कार सभी प्रकृति से जुड़े हैं। सनातन में प्रकृति मां पूजनीय है। कहा कि भारत की सांस्कृतिक सुरक्षा पर्यावरण की सुरक्षा से ही संभव है।

## नगर निगम ने पर्यावरण दिवस पर लगाए हजारों पौधे



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस पर रांची नगर निगम की ओर से पूरे शहर में हरियाली बढ़ाने की खास मुहिम चलाई गई। निगम की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में हजारों पौधे लगाए और लोगों को पेड़-पौधे लगाने, पानी बचाने और प्लास्टिक से दूरी बनाने का संदेश दिया। मुख्य कार्यक्रम मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हुआ। जहां उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहु, स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी और कई निगमकर्मी मौजूद रहे। इसी मौके पर बताया गया कि आज पूरे नगर निगम क्षेत्र में करीब 5000 पौधे लगाए जा रहे हैं। पेड़ लगाने का काम सिर्फ स्टेडियम में नहीं हुआ, बल्कि रांची नगर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों के किनारे, निर्मल आवास में, लाइट हाउस प्रोजेक्ट (धुर्वा) में और कई दूसरी जगहों पर भी पौधारोपण किया गया। उप प्रशासक ने शहरवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने आस-पास पेड़ लगाएं, बारिश के पानी को बचाएं और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को साफ हवा और पानी मिल सके।

## डीएवी गांधीनगर स्कूल में किया गया पौधरोपण



**रांची।** कांके रोड डीएवी गांधीनगर स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा " एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने कई पौधे लगाए। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से बी जे सिन्हा, गोविंद झा, कौशल कुमार, शरद उपाध्याय सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 33.5° | 33.8° |
| न्यून. | 23.6° | 23.0° |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
06 जून 2025
वर्ष-26, अंक-124, पृष्ठ-09



## भारत के जांबाज सपूतों!

### तीनों सेना के जवानों को शत-शत अभिनंदन

राष्ट्रीय नवीन मेल







रेणुबाला मिश्रा

आप सबने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफल बनाने के लिए जिस साहस,शौर्य,लगन, कर्मठता,प्रतिबद्घता और जुझारूपन का प्रदर्शन किया है हम उसके समक्ष नतमस्तक हैं। हमारा सीना गर्व से फूल उठा है। भूख,नींद और आराम को ताक पर रखकर आपने जांबाजी की मिसाल पेश की है।हमारी भावी पीढ़ियों के लिए आप प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।उत्तम नेतृत्व और संगठनात्मक रण-कौशल के लिए दुनियाभर में भारत माता के शूरवीरों की प्रशंसा हो रही है ! जिन वीरों ने अपनी जान गंवाई है,हम उनके परिवार के प्रति हृदय से संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी शहादत को नमनांजलि प्रेषित करते हैं !

जय हिंद!

## कोरोना से 3 साल की बच्ची की हुई मौत

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच एक बहुत ही दुखद खबर आई है। गुरुवार को कोरोना से एक 3 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची नोएडा के सेक्टर-63 में रहने वाली थी। डॉक्टर टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची को डिहाइड्रेशन की समस्या थी और उसे गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसे निमोनिया हो गया। बाद में उसकी जांच में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची पहले से कई बीमारियों से जूझ रही थी, जिसकी वजह से उसकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई थी और कोरोना ने उसकी जान ले ली।




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।


## उद्घाटन के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने किया एलान...

# बाबा कार्तिक उरांव के नाम से जाना जाएगा सिरमटोली फ्लाइओवर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** नवनिर्मित सिरमटोली फ्लाईओवर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को जनता को समर्पित कर दिया। फ्लाईओवर का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की राजनीतिक पहचान की बलि देना और किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना हमारे लिए संभव नहीं है, क्योंकि हम एक राजनीतिक दल हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस ओवरब्रिज का नामकरण बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा करते हुए लोगों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित फ्लाईओवर का अवलोकन किया। पारंपरिक वेशभूषा में खड़े बड़ी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नवनिर्मित फ्लाईओवर को देखने निकले मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सरना स्थल जाकर पूजा-अर्चना की और फ्लाईओवर को लेकर पथ निर्माण सचिव को आवश्यक निर्देश देते नजर आए।

**29 अगस्त 2022 को हुआ था शिलान्यास :** इस फ्लाईओवर का शिलान्यास 29 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। तीन साल से भी कम समय में बनकर तैयार हुआ यह फ्लाईओवर सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक होते हुए मेकॉन गोल चक्कर तक बना है। इस नवनिर्मित 4 लेन फ्लाईओवर की लंबाई करीब 2.34 किलोमीटर है।

इस फ्लाईओवर का रैंप सिरमटोली सरना स्थल के पास उतरने के कारण विवादों में है, जिसके कारण 4 जून को आदिवासी संगठनों ने बंद का आह्वान किया था। आंदोलनकारियों की मांग को खारिज करते हुए राज्य सरकार ने झारखंड बंद के 24 घंटे के भीतर इस फ्लाईओवर का उद्घाटन कर बड़ा संदेश दिया है।





## पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा

# पर्यावरण नहीं बचा तो कभी भी बुरे दिन देखने को मिलेंगे

### बदतर हो रहे शहर के हालात, गांव अब भी सुरक्षित

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज पर्यावरण बड़ी चुनौती बन गई है। पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि जंगलों में रहने वाले जानवर अब गांव और बस्ती में घूम कर नए घर तलाश रहे हैं। लोग केवल एक पेड़ बचाएं, बदलाव जरूर आएगा। सीएम गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन भवन ( डोरंडा ) में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। मौके पर उन्होंने यहां पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीएम ने कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया में पर्यावरण चिंता का विषय बन गया है, हम सौभाग्यशाली हैं कि झारखंड में 70 प्रतिशत वनभूमि है। हमें वनों को संजोना और बढ़ाना होगा। पेड़ बचे रहेंगे, तो ही हम इंसान भी बचेंगे। वरना बुरे दिन आने में समय नहीं लगेगा। पर्यावरण के बिगड़ने की वजह से दुनिया

शेष पेज 9 पर

## 355.76 करोड़ की लागत से बना है यह फ्लाईओवर

करीब 355.76 करोड़ की लागत से बना यह फ्लाईओवर एयरपोर्ट और अन्य जगहों पर जाने वाले लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा। इससे पहले 24 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2.24 किलोमीटर लंबे कांटा टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। दोनों फ्लाईओवर के बन जाने से लोगों को जाम से राहत मिलेगी। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यह फ्लाईओवर नवीनतम तकनीक से बना है जिसमें कई तरह की बाधाएं आईं जिन्हें दूर कर दिया गया। सरना स्थल के पास बने रैंप की ऊंचाई भी 124 फीट से घटाकर 84 फीट कर दी गई है। इस मौके पर राज्य सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मंत्री संजय प्रसाद यादव ने संबोधित किया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे शहर में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सकारात्मक चीजों में भी राजनीति करने से बाज नहीं आते।

# लड़ाकू विमान राफेल की बॉडी टाटा बनाएगा

नई दिल्ली। एजेंसी

### ● डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए

पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। इसके लिए फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है। भारत में पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में प्लांट लगाया जायेगा। दोनों कंपनियों ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के धड़ का निर्माण करने के लिए चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। डसॉल्ट एविएशन के मुताबिक यह प्लांट भारत के एयरो स्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करेगा। साझेदारी के दायरे में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों का निर्माण करने के लिए अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित की जाएगी, जिसमें पीछे के धड़ के पार्श्व गोले, पूरा पिछला भाग, केंद्रीय धड़ और अगला भाग शामिल है। वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला धड़ खंड निकलने की उम्मीद है और हर महीने दो पूर्ण धड़ तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स सहित



शेष पेज 9 पर

# कार्यपालक अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार आवास से 17 लाख रुपए नकद बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो ( एसीबी ) ने गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता सनोथ सोरेन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उनके आवास पर की गई छापेमारी में 17 लाख रुपए नगद, बेशकीमती जेवरात सहित कई दस्तावेज बरामद किए जाने की सूचना है। बताया गया कि विभाग की एक योजना में काम पूरा करने के बाद बिल के भुगतान के लिए ठेकेदार लगातार दफ्तर का चक्कर लगा रहा था। कार्यपालक अभियंता बिल रिलीज करने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे। इसकी शिकायत एसीबी के पास की गई थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया। घूस मांगे जाने की बात सही पाई गई, इसके बाद उन्हें ट्रैप करने की योजना बनाई गई।



तय योजना के अनुसार ठेकेदार ने गुरुवार को कार्यपालक अभियंता के कार्यालय में पहुंचकर

शेष पेज 9 पर

## 40 लाख का इनामी सुधाकर मारा गया

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 40 लाख रुपए का इनामी शीर्ष नक्सली नेता मारा गया। यह ऑपरेशन नेशनल पार्क इलाके में हुआ, जहां खुफिया जानकारी के अनुसार वरिष्ठ नक्सली कैडर की मौजूदगी का संकेत मिला था। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक संयुक्त टीम ने वन क्षेत्र में एक समन्वित अभियान शुरू किया।

# देव तिवारी बने स्टेट टॉपर लड़कियों ने मारी बाजी

जैक बोर्ड ने इंटर आर्ट्स परीक्षा का रिजल्ट जारी किया

**95.62%** छात्र हुए उत्तीर्ण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 12वीं कक्षा (इंटरमीडिएट) आर्ट्स संकाय का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। इस बार का रिजल्ट बेहद शानदार रहा, जिसमें कुल 95.62 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। परीक्षा परिणाम जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इस बार फिर छात्राओं ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ा है।

झारखंड बोर्ड की इस परीक्षा में कुल 2,28,959 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 2,27,222 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें से कुल 2,17,273 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस तरह परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों में 95.62 फीसदी को सफलता मिली है।



**रिजल्ट ब्रेकअप इस प्रकार है**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट डिवीजन | 1,07,867 |
| सेकंड डिवीजन | 1,04,314 |
| थर्ड डिवीजन | 5,091 |
| पास (अन्य) | 01 |

### स्टेट टॉपर बना राजमहल का छात्र

झारखंड में इंटर आर्ट्स की परीक्षा में इस बार का स्टेट टॉपर राजमहल से बना है। देव तिवारी, जो प्लस टू जेके हाई स्कूल, राजमहल का छात्र है, ने 500 में से 481 अंक प्राप्त किए हैं और राज्यभर में पहला स्थान हासिल किया है। देव की इस शानदार सफलता से संथाल परगना क्षेत्र गौरवान्वित है।

### टॉप फाइव में लड़कियों का दबदबा

*राज्य के टॉप फाइव विद्यार्थियों में छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। टॉप फाइव की सूची इस प्रकार है:*

- **देव तिवारी :** प्लस टू जेके हाई स्कूल, राजमहल – **481 अंक**
- **प्रेरणा कुमारी :** आर एन प्लस टू हाई स्कूल, पदमा – **470 अंक**
- **सूरज कुमार दास :** प्लस टू जेके हाई स्कूल, राजमहल – **466 अंक**
- **कुमारी रितंभरा :** अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल, कुम्हारलालो – **466 अंक**
- **श्रेया आनंद :** आर एन प्लस टू हाई स्कूल, पदमा – **464 अंक**
- **अनन्या पाल :** उर्सलाइन स्कूल, रांची – **463 अंक**

## इंडिया

# दिखावटी रोक के बावजूद प्लास्टिक इस्तेमाल सभी करते हैं मानता कोई नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में सरकार ने 1 जुलाई 2022 से कुछ एकल-उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसमें प्लास्टिक के स्ट्रॉ, इयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की स्टिक, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए थर्माकोल, प्लेटें, कप, गिलास, कटलरी, ट्रे, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड, और सिगरेट पैकेट पर लपेटी जाने वाली प्लास्टिक की फिल्म शामिल हैं। दिलचस्प सवाल यह है कि उपयोग पर रोक के बाद भी उत्पादन हो ही रहा है तो यह दिखावटी प्रतिबंध किसके लिए ? प्लास्टिक की स्थिति ठीक वैसी ही है जैसे एक गरीब व्यक्ति की है जो हमारे कई काम आता है, लेकिन जब उससे कोई गलती हो जाती है, तो उसमें हमें सारी बुराइयां दिखाई देने लगती हैं। पूरी दुनिया में ऐसा कौन है जिसने पिछले 30 वर्षों में प्लास्टिक का उपयोग न किया हो? कोई गांव, घर, गली, कस्बा या शहर ऐसा नहीं है, जो प्लास्टिक के उपयोग से वंचित हो। किसी न किसी रूप में प्लास्टिक हमारे जीवन का हिस्सा बन गया है। यह एक ऐसी चीज है, जो अब मनुष्य के गले पड़ चुकी है। इसीलिए प्लास्टिक विरोधी सभी नियम और कानून लागू हैं पर यह हमारी दिनचर्या में शामिल है। सब्जी, फल या फिर किराना दुकान में सामान खरीदते समय हम प्लास्टिक की थैली की अपेक्षा करते हैं, खरीदारी करने के लिए जूट या कपड़े के झोले का इस्तेमाल करना या खरीदना नहीं चाहते इस तरह प्लास्टिक के प्रसार को और बढ़ावा देने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। प्लास्टिक ने हमारे जीवन में इतनी गहराई से अपनी जगह बना ली है कि अब इससे मुक्त होने की कल्पना भी नहीं कर सकते । अब खेती-बाड़ी से लेकर उद्योगों में हर जगह इसका उपयोग होता है जबकि हम इसके कुप्रभावों को जानते हैं फिर भी इसके बिना हमारा काम नहीं चलता। प्लास्टिक का हम सभी एक सुर में विरोध करते हैं और उदहारण देते हैं कि प्लास्टिक की थैलियों में बंधे खाना खाने से कितने आवारा पशु मर गए नालियों को जाम करने में इसी प्लास्टिक की भूमिका है पर वास्तविकता यह है कि हमने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। न चाहकर भी आसान विकल्प के अभाव में प्लास्टिक हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता बना हुआ है इसीलिए बार-बार प्रतिबंध लगने और सरकारी नियम-कानून बनने के बावजूद प्लास्टिक का उपयोग धड़ल्ले से जारी है। यह हमारे जीवन में कई रूपों में वरदान है जिसकी सुविधाओं का लाभ हम उठा रहे हैं। दूसरी तरफ जब भी प्लास्टिक का उपयोग बंद करने की बात होती है, तो विकल्प, रोजगार और स्वरोजगार की बात उठती है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता इसीलिए आम लोग खुद ही इससे मुक्त होना नहीं चाहते, तो सरकारें इसे कैसे खत्म कर पाएंगी? देश और दुनिया में प्लास्टिक उद्योग रोजगार का एक बहुत बड़ा साधन है। अगर इस उद्योग को बंद कर दिया जाए, तो लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। वैज्ञानिक भी प्लास्टिक के नए उपयोग को समाप्त करने के विकल्प खोज रहे हैं लेकिन वे भी कहीं न कहीं बेरोजगारी का दबाव जानते हैं। प्रकृति की गोद में बसे गांवों तक इसके आकर्षक और उपयोगी उत्पाद, जो लकड़ी और लोहे के विकल्प के रूप में पहुँच चुके हैं। इसकी मजबूती और टिकाऊपन हमें अपनी तरफ खींचता है। दूसरी ओर इसका दुरुपयोग सीमाओं को पार कर चुका है। यह अब सिर्फ गाय-भैंस या अन्य जानवरों के पेट में नहीं पहुंचता, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के रूप में मनुष्य के शरीर में भी प्रवेश कर चुका है। शोध बताते हैं कि हर व्यक्ति के शरीर में 50,000 से अधिक माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच चुके हैं, जो हमारे दिल, त्वचा और फेफड़ों पर सीधा असर डाल सकते हैं। तो सवाल यह है कि सब कुछ जानते हुए भी आम लोग और नीति-निर्माता मिलकर ऐसा कुछ कर रहे हैं, जिससे प्लास्टिक से छुटकारा पाया जा सके ? प्लास्टिक से पूरी तरह मुक्त होना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक। लेकिन एक रास्ता जरूर है कि एकल उपयोग वाली प्लास्टिक पर नियंत्रण लगाया जाए।



सरकार के कई कानून और जुर्माने से भी उपयोग में कुछ खास असर नहीं पड़ा।देश में प्लास्टिक के नए-नए प्रयोग और उपयोगों को समर्पित केंद्रीय प्लास्टिक व इंजीनियरिंग संस्थान भी चेन्नई में है जिसके रांची सहित देश भर में 48 छोटे अनुषांगिक संगठन भी हैं जो प्लास्टिक पर काम कर रहे हैं जो मानते हैं कि प्लास्टिक को पूरी तरह से समाप्त करना न संभव है और न इसका कोई तात्कालिक समाधान। लेकिन उपयोग उपरांत प्लास्टिक का सही उपयोग करके नए उत्पाद बनाए जा सकते हैं जो टिकाऊ भी होंगे और तुरंत कचरा बनकर समस्या नहीं बनेंगे। इसमें एक महत्वपूर्ण पहल हो सकती है कि जब भी हम प्लास्टिक का उपयोग करें उसकी प्रवृत्ति यह होनी चाहिए कि वह बार-बार उपयोग में आ सके। इससे प्लास्टिक के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा और कुछ हद तक अंकुश लग सकेगा। केवल सरकार को दोष देने से समस्या हल नहीं होगी नागरिक के रूप में कुछ जिम्मेदारी हमारी भी बनती है।

# शर्मिष्ठा पनोली को मिली अंतरिम जमानत, पिता ने जताई खुशी

कोलकाता। एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर पर चुप्पी साधने वाले अभिनेताओं के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने वाली लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। जस्टिस राजा बसु ने उन्हें जमानत दी है। साथ ही, शर्मिष्ठा पर कई तरह की शर्तें भी लगाई गई हैं, जिन्हें वह मानने के लिए बाध्य रहेंगी।

वहीं, शर्मिष्ठा के वकील डीपी सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि कोर्ट ने माना है कि यह संज्ञेय अपराध नहीं है। इसके अलावा, गिरफ्तारी का आधार जाहिर नहीं हो पा रहा है। इस मामले में धमकी का एंगल भी सामने आ रहा था। शर्मिष्ठा ने खुद न्यायालय में कहा कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं, लिहाजा उन्हें सुरक्षा दी जाए।



उन्होंने कहा कि इन्हीं सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने तय किया कि जमानत दी जा सकती है। शर्मिष्ठा को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। उनके विदेश जाने पर पाबंदी लगाई गई है।

साथ ही, शर्मिष्ठा पनोली के पिता ने अपनी बेटी की मिली जमानत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी बाहर आ रही हैं। अभी जो कार्रवाई शेष रह गई है, उसे पूरा करना होगा। इसके बाद मेरी बेटी बाहर आ जाएगी।



कार्यालय में पहुंचे लोग

### राजधानी के बीचों-बीच शहर अंचल अधिकारी का कार्यालय

# यहां बैठने ही नहीं पानी पीने तक की नहीं है व्यवस्था

मनोज मिश्रा

**रांची।** अंचल कार्यालय जहां लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जाते हैं। कुछ तो रैयत होते हैं जो अपनी जमीन संबंधी कामों के लिए जाते हैं तो कई अन्य कामों से। आजकल तो अनेक महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के लिए कड़ी धूप में अंचल कार्यालयों में अपने दुधमुंहे बच्चे के साथ जा रही है। नाम और फोटो नहीं देने की सूरत में उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की सत्यापन कैसे और कहां हो रहा है इसकी सही जानकारी उपलब्ध नहीं होती है। जिला कार्यालय जाने पर कहा जाता है अंचल कार्यालय जाएं और अंचल में भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है हम जाएं तो जाएं कहां। राजधानी के बीचों-बीच स्थित शहर अंचल अधिकारी का कार्यालय जो ऑटो पायलट मोड पर काम कर रहा है तभी तो कार्यालय से बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाएं मायूस होकर लौट रही है। दरअसल, मंईयां सम्मान योजना का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है इसके सत्यापन के लिए सरकार द्वारा गाइडलाइन बनाया गया है कि आंगनबाड़ी सेविका झारखंड राज्य मंईया सम्मान योजना का भौतिक सत्यापन करेगी अब बहुतों को तो यह भी नहीं पता है कि उनका आंगनबाड़ी केंद्र कहां है। जब मंईया सम्मान योजना का फार्म




भरा जा रहा था तो अनेकों ने प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से फार्म भरा था, अब जब सत्यापन की बात सामने आई है तो वे अपना आंगनबाड़ी केंद्र खोजने में विफल हो रही हैं और परेशानी में कभी उपायुक्त कार्यालय तो कभी अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं, मगर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से निराश हैं। नाम और फोटो नहीं देने की सूरत में अंचल कार्यालय में आई अल्पसंख्यक महिलाओं ने कहा कि मंईया सम्मान योजना की पूरी जानकारी कहीं नहीं मिल रही है और सरकारी दफतरों के चक्कर लगाकर मायूस हो रहे हैं, सरकार को जानकारी सुलभ करानी चाहिए।

## पिछले कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं : भारती

देश के अनेक बड़े फिल्मी सितारों, झारखंड के बड़े अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक को अपने जादू का जलवा दिखा चुके जादूगर एमएस भारती ने कहा कि पिछले तीन घंटे से रांची शहर के अंचल अधिकारी कार्यालय में खड़ा हूं। इस भीषण गर्मी में कार्यालय में न तो कहीं बैठने की व्यवस्था है न पीने के पानी की। पदाधिकारियों द्वारा भी कुछ जानकारी नहीं दिया जा रहा है कि कर्मचारी आएंगे या नहीं। पिछले कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हूं कोई कुछ बताता ही नहीं है।



**मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन में अपना आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खोज पा रही महिलाएं**

### बकरीद को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# पुलिस-प्रशासन की असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, होगी त्वरित कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में बकरीद को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी, रांची श्री राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक, नगर अजीत कुमार, सहायक प्रशासक, नगर निगम श्रीमती निहारिका तिर्की, पेयजल, बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी के साथ शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा बारी-बारी से बकरीद के दौरान बेहतर व्यवस्था को लेकर पूर्व के अनुभवों को साझा करते हुए अपनी-अपनी बातें रखते हुए सुझाव दिये गये। साफ-सफाई, सुरक्षा, अवशेषों का निपटारा, पानी-बिजली की व्यवस्था और दूसरे पंथ के लोगों की भावनाओं का ख्याल करते हुए सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कही।




### शांति समिति की बैठक में जो सुझाव आए हैं उस पर रखा जाएगा ध्यान : उपायुक्त

उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों के सुझावों का ध्यान रखते हुए साफ-सफाई, वेस्टेज डिस्पोजल, पानी बिजली आदि की व्यवस्था बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद के दौरान पानी, बिजली एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर उन्होंने बैठक के दौरान ही नगर निगम, पेयजल एवं बिजली विभाग के संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विभागीय तैयारी के संबंध में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बकरीद के दौरान वेस्ट डिस्पोजल के लिए नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी को वाहन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा भी लोगों की भावनाओं का ध्यान रखते हुए अपने स्तर से वेस्ट डिस्पोजल की बात कही गयी।

# रांची जिले में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को अप्रैल माह की राशि मिली

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- प्रथम चरण में 3.40 लाख से ज्यादा लाभुकों को मिला भुगतान
- लाभुकों के बीच 85 करोड़ 01 लाख 57 हजार 500 की राशि का भुगतान

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत रांची जिला में लाभुकों को अप्रैल महीने की 2500 रुपए की सम्मान राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। प्रथम चरण में जिला में कुल 3 लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ 01 लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया है। जिन लाभुकों का आवेदन पूर्व में स्वीकृत है और उन्होंने अपना आधार सीडिंग बैंक खाते से नहीं कराया है, वैसे लाभुकों से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने अपना आधार सीडिंग कराने की अपील की है ताकि उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। जिला में भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। जल्द ही सत्यापन का कार्य पूरा होने के शेष सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। वैसे लाभुक जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वो आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया तुलसी के पौधों का वितरण




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने गुरुवार को अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रातः 6.30 बजे सेवा सदन पार्क में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही शाखा द्वारा तुलसी के पौधे मॉर्निंग वॉकर्स के बीच में वितरण किया और पेड़ लगाए पर्यावरण को बचाएं जागरूकता फैलाई। शाखा अध्यक्ष ने कहा, पर्यावरण की सुरक्षा से ही हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है, हर इंसान को एक पोधा अपने हाथ से जरूर लगाना चाहिए। इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता प्रभारी पूजा तोदी एवं संयोजिका पिंकी शर्मा जी ने सम्पन किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पिंकी शर्मा, चंद्रकला उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## जमीन विवाद में गई जान, पत्थर से कूच कर की हत्या

नवीन मेल संवाददाता। रांची



रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले बंधना उरॉव 31 मई कि शाम को अपने घर से अपने भांजे सोमरा उरॉव के घर के लिए निकले लेकिन पहुंचे नहीं। घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों के द्वारा खोजबीन के क्रम में बांधलता टोंगरी में उनका शव पाया गया। मामले के उद्भेदन के लिए डीआईजी सह एसएसपी चनंदन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार ग्रामीण एसपी के द्वारा एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पुछ-ताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बंधना उरांव की पत्थर से कुचकर हत्या कर डी गई थी। मृतक बंधना उरॉव के द्वारा जमीन बिक्री करने के लिए छोटू कच्छप पिता को डेढ़ एकड़ भूमि एकरारनामा हुआ था। जिसके एवज में छोटू कच्छप ने 2,30,000/-रू० बंधना उरॉव को दिया था। जमीन को छोटू कच्छप और अघनु मुण्डा उर्फ अघनु नगड़ूवार मिलकर जमीन पर जब-जब काम करने का प्रयास करते थे तो बंधना उरॉंव को जमीन का पूरा पैसा नहीं मिलने के कारण बंधना उरॉव भूमि पर काम करने नहीं दे रहे थे साथ ही बंधना उरॉव जमीन का पूरा पैसा की मांग कर रहे थे, जिस कारण छोटू कच्छप और अघनु मुण्डा को भूमि की बिक्री करने में दिक्कत हो रही थी। इसके उपरांत छोटू कच्छप और अघनु मुण्डा ने मिलकर बंधना उरॉव को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनायी।

## महिला की गला रेत कर हत्या, पति सहित 3 गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- फरार ससुर की तलाश कर रही पुलिस

चार जून की रात नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित बसीला गाँव में एक विवाहित महिला अनवरी खातुन की हत्या धारदार हथियार से गला रेत कर कर दी गयी थी। जिसकी जानकारी के बारे में मृतिका के पिता जीबरैल अंसारी के लिखित आवेदन के आधार पर मृतिका के पति महबुब अंसारी, देवर सहबुब अंसारी, मकसूद अंसारी, ससुर मुमताज अंसारी, सौतन गजाला परवीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। मामले के उदभेदन के लिए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये हत्या में शामिल फिरार मृतिका के पति महबुब अंसारी, देवर सहबुब अंसारी एवं सौतन गजाला परवीन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकु बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने इस मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। फिरार अन्य अभियुक्त के विरुद्ध छापामारी जारी है ।

# लापता बस स्टैंड के नाम पर होती है वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची में लंबे समय से ऑटो वालों से विभिन्न चौक चौराहों पर डरा धमका कर जबरन वसूली कि शिकायतें मिलती रही है। ऑटो चालकों ने ऑटो यूनियन से लेकर प्रशासन, परिवहन विभाग और निगम के सामने तक अपना आक्रोश व्यक्त किया है लेकिन ये वसूली बहुत ही संगठित तरीके से जारी है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने जब इनकी पड़ताल कि तो कई ऑटो चालकों ने नाम नहीं बताने कि शर्त पर इसे कई सनसनी खेज खुलासे किये हैं को आश्चर्यजनक है। यही कारन है कि कोरोना के बाद भी ऑटो के दर कम नहीं हुआ है। वसूली कर रहे व्यक्ति के अनुसार रातु रोड चौक पर 35 रुपया, अरगोड़ा चौक पर 25 रुपए, कांटा टोली चौक पर 25 रुपए, रांची स्टेशन 55 रुपये, हटिया स्टेशन 100 प्रति ऑटो वसूला जाता है। वसूली कर रहे एजेंट ने बताया कि ऑटो चालकों से पार्किंग के रुपये वसूले जाते हैं। रातू रोड स्थित ऑटो स्टैंड में ऑटो चालक वहां कड़ी कर सकते हैं आराम कर सकते हैं। वहीं दुसरे एजेंट से पूछे जाने पर पता चला किसी वे सिर्फ वसूली कर रहे हैं उन्हें पता ही नहीं यह वसूली उनसे क्यों करवाई जा रही है।

### एक चौक पर एक ही बार रुपए देते हैं : मुन्ना यादव



ऑटो चालक मुन्ना यादव ने कहा एक दिन में एक चौक पर एक ही बार रुपए देने कि जरुरत पड़ती है फिर यदि चौक पर गए तो वहां देना होगा। वहीं मुन्ना यादव का कहना है जिस पार्किंग के नाम पर एजेंट वसूली कर रहे हैं वहां ना पीने के पानी कि सुविधा है और ना ही शौचालय कि। वहीं ऑटो चालक ने यह भी बताया कि ऑटो चले या ना चले स्टैंड में खड़ी हो या ना हो पैसे देना अनिवार्य है।



### टोकन लेकर प्रतिदिन निर्धारित रुपए देते हैं : रामेश्वर यादव



ऑटो चालक रामेश्वर यादव ने कहा टोकन लेकर प्रतिदिन निर्धारित रुपए देते हैं। लेकिन पता नहीं रुपए क्यों लिए जाते हैं रातू रोड चौक पर रोजाना 35 रुपए वसूले जाए हैं। उन्होंने कहा वसूली कर रहे एजेंट से पूछे कहा जाता है निगम का टेंडर है।

### खाली ऑटो रहने पर भी लगता है पैसे : किशोर यादव



ऑटो चालक किशोर यादव ने कहा यदि ऑटो खली भी है या यात्री नहीं भी बैठा रहे हैं बावजूद इसके ऑटो चौक चौराहों से गुजरेगी तो रुपये देना ही होगा। उन्होंने कहा बंदी के समय कमाई नहीं होती लेकिन निर्धारित रुपये लिए जाते हैं।

### यूनियन भी प्रति ऑटो 5 रुपए लेता है : ललन कुमार



ऑटो चालक और यूनियन के सदस्य ललन कुमार ने बताया यूनियन के द्वारा भी प्रति ऑटो 5 रुपया लिया जाता है। जिसका मकसद है कि किसी ऑटो चालक की परेशानी में साथ देना। किसी परेशानी में उन रुपयों से ऑटो चालकों के परिवार के साथ रहना।

### परमिट वालों को किया जाता है परेशान, बिना परमिट वाले चलाते हैं आराम से

वहीं, नाम ना बताने की शर्त पर कुछ चालकों ने बताया कि जिनका परमिट है उन्हें चौक चौराहों पर सवारी बैठाने की इजाजत नहीं है। वहीं जिनके परमिट नहीं है वो कहीं भी ऑटो खड़ा करके सवारी बैठा सकते हैं। कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पुलिस वालों की अलग से पूरे मामले में धांधली चलती है। परमिट वालों से कोई फायदा नहीं हो पाता है। वहीँ चालकों ने बताया कि निगम के द्वारा टेंडर किया जाता लेकिन यह टेंडर खुले में नहीं बल्कि आपस में बहुलाबी ठेकेदार और निगम अपनी सांठ गांठ से करती है। चालकों ने यह भी बताया कि कई ऑटो ऐसे हैं जिनके परमिट नहीं है जिन्हें दलालों के द्वारा संचालित किया जाता है। उदाहरन के तौर पर किसी बिना परमिट के ऑटो को पुलिस के द्वारा रोके जाने पर चालक द्वारा कहा उस दलाल का नाम लिया जाता है जिसके बाद उसे जाने दिया जाता है। वहीँ चालकों ने कहा रातू रोड से यदि हटिया स्तेतिओं जाना है तो ऑटो चालक को रातू रोड चौक पर 35 रुपये देना होगा वहीं, अरगोड़ा चौक पर 25 रुपये देना होगा फिर अंत में हटिया स्टेशन पर 100 रुपये यानि कूल मिला कर प्रतिदिन 160 रुपये देना होगा। इसी प्रकार एनी चौक चौराहों से गुजरने के लिए लोगों को निर्धारित रुपये देना होगा। जिस टोकन को देकर वसूली कि जाती है उस टोकन पर कुछ जगहों पर कितने रुपये वसूले जा रहे हैं यह तक नहीं लिखा होता है। एजेंट्स से पूछे जाने पर उन्होंने जवाब देने से साफ़ इनकार कर दिया।

### गलत तरीके से हो रही वसूली की होगी जांच : अपर प्रशासक


नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार से पुरे विषय के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा सभी वाहनों के पार्किंग का टेंडर निकाला जाता है। सिर्फ ऑटो चालकों के लिए ऐसा कोई वसूली का टेंडर निगम की ओर से नहीं निकाला गया है। साथ ही उन्होंने कहा यदि इस प्रकार से कोई वसूली की जा रही है तो आज इसकी जांच करवाई जाएगी।




### सेवानिवृत्त अस्पतालकर्मी के बंद घर में लाखों की चोरी

# मांडर थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात, इलाके में दहशत का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**



थाना क्षेत्र अंतर्गत चीलटोली मोहल्ले में बीती रात चोरों ने एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब घर के मालिक, सेवानिवृत्त अस्पतालकर्मी हरदेव प्रसाद अपने परिवार सहित अन्यत्र गए हुए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार चीलटोली स्थित दार अल अरकम स्कूल के पीछे हरदेव प्रसाद का आवास है। वे कुछ दिनों के लिए अपने परिजनों के साथ बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर पूरे मकान को खंगाल डाला। चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये मूल्य के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर लिया।घटना की जानकारी तब हुई जब पड़ोसियों ने देखा कि ताला टूटा हुआ है। उन्होंने देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। पुलिस को इसकी सूचना दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी इसी मोहल्ले में एक पत्रकार के घर में भी चोरी की घटना घट चुकी है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज होने के बावजूद छह महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। इससे क्षेत्रवासियों में पुलिस प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी देखी जा रही है। इलाके के लोगों ने मांग की है कि गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और बीती घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

### दुर्लभ कल्पवृक्ष का पौधरोपण किया गया



**पिठौरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दुर्लभ कल्पवृक्ष का पौधरोपण पिठौरिया में गुरुवार को कल्पवृक्ष के एक पौधे रांची के कल्पतरु मित्र निखिल मेहुल के द्वारा आकाश कुमार सोनी को दिया गया जिसे पिठौरिया थाना परिसर मैं थाना प्रभारी के द्वारा लगाया गया उन्होंने कल्पवृक्ष के संरक्षण का बेड़ा उठाते हुए कहा यह हमारे जीवन का हिस्सा है पर्यावरण के लिए यह वृक्ष काफी लाभदायक है। निखिल मेहुल पिछले चार वर्षों से लगातार कल्पवृक्ष के पौधे देश के अलग-अलग हिस्सों में लगाते आ रहे हैं। इस वर्ष 35000 से अधिक कल्पतरु का पौधा तैयार करके इसका संरक्षण कर रहे हैं। वृक्षारोपण में मौजूद रहे पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार,सुनील कुमार दास अमृत प्रसाद मेहता,संतोष कुमार महतो, सुमेश कुमार,सुमित कुमार केसरी,आकाश कुमार सोनी मौजूद रहे।

## न्यूज बॉक्स

### मजदूर नेता ने वट सावित्री पूजा के लिए बनवाया चबूतरा



**खलारी।** सामाजिक समर्पण और सांस्कृतिक परंपरा के सम्मान का उदाहरण पेश करते हुए खलारी के सक्रिय मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने राय कोलियरी कालोनी में वट वृक्ष के नीचे चबूतरे का निर्माण कराया है। यह चबूतरा उन्होंने अपने निजी खर्च पर बनवाया, ताकि वट सावित्री व्रत करने वाली महिलाओं को पूजा-पाठ में कोई असुविधा न हो। अब्दुल्ला अंसारी ने बताया कि राय कोलियरी क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्होंने देखा कि जिस वट वृक्ष के नीचे महिलाएं व्रत के दौरान पूजा करती हैं, उसका चबूतरा जर्जर और टूटा हुआ है। यह स्थिति श्रद्धालु महिलाओं के लिए असुविधाजनक और असुरक्षित थी। समस्या को तुरंत संज्ञान में लेते हुए उन्होंने बिना किसी सरकारी सहायता के व्यक्तिगत स्तर पर चबूतरे के मरम्मत और पुनर्निर्माण का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि यह कार्य आस्था और जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर किया गया है, ताकि महिलाएं सुरक्षित और स्वच्छ स्थान पर पूजा कर सकें।

### मांडर, चान्हो में इंटर कॉलेज का परीक्षाफल शानदार रहा



**चान्हो।** गुरुवार को झारखंड एकेडमिक एकेडमिक काउंसिल ने इंटर के आर्ट्स का परीक्षाफल जारी किया। शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हों में आर्ट्स का परीक्षा फल 99.07% रहा। जिसमें 179 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान,152 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में 415 अंकों के साथ प्रथम स्थान श्रवण उरांव , 384 अंकों साथ द्वितीय स्थान संतोष साहु तथा 380 अंकों के साथ तृतीय स्थान आलिया तरन्नुम ने हासिल किया। सभी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज ने शुभकामना दी। वहीं संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर का रिजल्ट शानदार रहा। इस साल परीक्षा में कुल 363 छात्र - छात्राएँ शामिल हूए थे जिसमे 246 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफल हूए। संजीदा खातून 421 (84.2% )अंक के साथ फर्स्ट टॉपर पर रही जबकि सानिया शाहीन 420 सेकेण्ड टॉपर और जीनत परवीन 414 थर्ड टॉपर रही। कॉलेज प्राचार्या सिस्टर मेरी बागे ने सफल छात्रों- छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

### एक दिवसीय कराटे कैम्प संपन्न

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में एक दिवसीय विशेष कराटे कैंप का आयोजन किया गया। आज का कैम्प उनके लिए आयोजित किया गया था जो कराटे प्लेयर्स पिछले दिन स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के द्वारा आयोजित झारखंड राज्य सब जूनियर ,कैडेट , जूनियर 2025 कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे। आज के कैम्प में सेंसाई हेजाज असदक ,शिहान रंजीत मेहता,शिहान संजय मिश्रा,सेंसाई सुमित कुमार द्वारा कराटे प्लेयर्स को कुमिते एवम् काता का ट्रेनिंग दिया गया। सभी कराटे खिलाड़ियों को वर्ल्ड कराटे के उस नियमों को बताया गया जिसके आधार पर काता एवम् कुमिते में प्वाइंट हासिल किया जा सकता है आज के मुख्य अतिथि डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के शर्मा को स्पोर्ट कराटे एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के अध्यक्ष हंसी मानस सिन्हा द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर हंसी मानस सिन्हा एवं प्राचार्य द्वारा कराटे के महत्व को बताया गया।

### डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एक्सएल डाटा सर्विस "सुपर डिविजन" डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट( 2024-25 ) का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को होना है। मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब बनाम सेल यूनिट के बीच फाइनल मैच मेकॉन स्टेडियम ,रांची में सुबह 9.00 बजे से खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 3.30 बजे मेकॉन स्टेडियम में किया जाएगा।

### अड़की में बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**अड़की।** थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने की। बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की और माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्णय लिया गया।बैठक में थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों से अपील की गई कि वे किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस और प्रशासन को दें।

### श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी उत्सव आज



रांची । अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शुक्रवार को निर्जला एकादशी उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें श्री श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार, ज्योत, भोग, संगीतमय संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 7 जून को चांदनी द्वादशी के अवसर पर रमेश बंका एवं उनके परिवार द्वारा संध्या 6:30 बजे श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित कर भक्तों के बीच वितरण किया जाएगा ।

### प्रतिभा सम्मान समारोह सह बेल्ट सेरेमनी का हुआ आयोजन

# महिला कराटे खिलाड़ियों को मिला ब्लैक बेल्ट



**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में बिशप स्कूल बहु बाजार में प्रतिभा सम्मान समारोह सह बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले दिनों सफल रहे 183 कराटे खिलाड़ियों के बीच येलो बेल्ट से ब्लैक बेल्ट का बेल्ट सेरेमनी किया गया। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा के द्वारा साक्षी ओझा सुनयना सेनापति आद्रिका बनर्जी को ब्लैक बेल्ट की उपाधि से नवाज़ा गया सम्मान स्वरूप शिहान सुनील किस्पोट्टा उनके ब्राउन बेल्ट को उतार कर ब्लैक बेल्ट पहनाया और उन्हें ब्लैक बेल्ट प्रथम डान की उपाधि से नवाजा। साथ ही अन्य खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिहान सुनील किस्पोट्टा कहा कि कराटे विश्व भर में खेला जाने वाला खेल है। इसमें अब लड़कियों की संख्या काफी बढ़ी है। अब लड़कों से अधिक लड़कियों की संख्या हर एक क्लब एवं स्कूलों में नजर आती है।

### बोकारो में राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरयू राय की तारीफ की

# नदियों की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी: राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**



- दामोदर के किनारे बसे उद्योग-धंधे भस्मासुर बन रहे थे, दामोदर के लिए, अब बदली है स्थिति:सरयू राय
- झारखंड में 45 स्थानों पर आयोजित हुआ देवनद-दामोदर महोत्सव:अंशुल शरण

झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा है कि इन दिनों देश भर में नदियां उथली हो रही हैं और उनकी सफाई नहीं होती। इसी कारण से देश की नदियां समस्याग्रस्त हुई हैं। राज्यपाल ने कहा कि वह जब अटल जी की सरकार में कुछ दिनों के लिए जल संसाधन मंत्री थे, तब उन्होंने पाया कि देश में नदियों को लेकर जितना काम होना चाहिए था, नहीं हुआ। उन्हें यह देख-जान कर अच्छा लगा कि सरयू राय ने एक बड़ा काम अपने हाथ में लिया है। उन्हें बधाई। यहां तेलमच्चो पुल के नीचे युगांतर भारती के तत्वावधान में आयोजित देवनद दामोदर महोत्सव-गंगा दशहरा के मौके पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि देश भर की नदियों की स्थिति खराब हुई है। अब यह जरूरत महसूस की जा रही है कि नदियों के लिए हम सभी लोग मिल कर काम करें। सिर्फ दामोदर के लिए ही नहीं, सभी नदियों के लिए। राज्यपाल ने कहा कि आज का दिन विशेष है। विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा, दोनों एक साथ आयोजित हो रहे हैं। एक तरफ दुनिया भर में आज लोग धरती, जंगल, नदियाँ और प्रकृति को बचाने की बातें कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ हम सनातन परंपरा में गंगा अवतरण को स्मरण कर रहे हैं। गंगा दशहरा हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने हजारों साल पहले ही नदियों को मां कहा, उनके जल को मोक्षदायिनी माना। यहां गंगा तो नहीं, लेकिन दामोदर है। और जैसे गंगा उत्तर भारत की आत्मा है, वैसे ही दामोदर झारखंड की जीवनरेखा है और दामोदर भगवान विष्णु के सहस्त्र नामों में से भी एक है। राज्यपाल ने कहा कि युगांतर भारती ने पर्यावरण को जन आंदोलन बना दिया। इसके लिए युगांतर भारती को बधाई। वास्तव में इस संस्था ने बढ़िया काम किया है। दामोदर सिर्फ एक नद नहीं बल्कि झारखंड की जीवनरेखा है। इसी के किनारे बोकारो स्टील प्लांट और अन्य उद्योग लगे हैं। औद्योगिक विकास खूब हो रहा है लेकिन इस दौड़ में दामोदर नदी को कई दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसे समय में सरयू राय जैसे जागरुक जनप्रतिनिधि और युगांतर भारती जैसे संगठन ने बढ़िया काम कर अपनी प्रभावी स्थिति दर्ज की है। सरयू राय ने दामोदर को बचाने के लिए लंबा आंदोलन छेड़ा। पदयात्राएं कीं। लोगों को जगाया। उन्हें समझाया। अब परिणाम साफ दिख रहा है। दामोदर का पानी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। पहले से अब की स्थिति बदली है। नदियों की स्वच्छता संस्थाओं या सरकारों तक की ही जिम्मेदारी नहीं है। यह हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक वक्त गंगा भी बहुत खराब स्थिति में थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गंगा की स्वच्छता हेतु व्यापक कार्य किया गया। अब तो लोग भी स्वच्छता को लेकर जागरुक हैं।

## ग्राम पंचायत सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन, किया गया पौधरोपण



**ईटकी।** प्रखंड अंतर्गत ईटकी पश्चिमी पंचायत भवन में आशा संस्थान के तकनीकी सहयोग से समाज के सबसे वंचित, गरीब लोंगो को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड उपप्रमुख परवेज आलम ने कहा कि इस सहायता केंद्र से आम गरीब लोगों को काफी सहयोग मिलेगा। यहां पर सभी तरह का राशन, पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं फॉर्म निशुल्क उपलब्ध होगा। लोगों की मदद करने के लिए पंचायत समन्वयक उपलब्ध रहेंगे ताकि उनको जल्द से जल्द लाभ मिल सके। पंचायत वासियों को उप प्रमुख द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए शपथ दिलाया गया और अधिक से अधिक पर्यावरण को सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को मुखिया निर्मला भेंगरा, प्रोग्राम हेड नीपा दास एवं परियोजना समन्वयक ललन साहू ने भी संबोधित किया। उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में प्रखंड समन्वयक सनी बखला पंचायती राज विभाग, सभी वार्ड सदस्य,आशा संस्थान के अधिकारी एवं पंचायत समन्वयक विनय नायक तथा प्रखंड के अधिकारी एवं कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बीआईटी लालपुर में किया गया पौधरोपण

रांची। विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी मेसरा लालपुर के तत्वावधान में सामुहिक रूप से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रही की सभी शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से एक एक पौधे पूरे प्रांगण में अपने हाथों से लगाया और संरक्षण का शपथ लिया। मौके पर डॉ प्रणव कुमार ने कहा कि आज का दिन बीआईटी लालपुर के प्रांगण में 101 पेड़ लगाए गए हैं। पौधों के संरक्षण से आसपास के क्षेत्रों में भी अच्छा संदेश जाएगा।

### लाला लाजपत राय स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया

**रांची।** लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूंदाग रांची में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बच्चों के साथ-साथ पंजाबी हिंदू बिरादरी सह विद्यालय के अध्यक्ष श्री सुधीर उग्गल और महासचिव श्री राजेश मेहरा,अवैतनिक सचिव श्री रवि पराशर, प्राचार्य श्री शैलेंद्र कुमार, उप प्राचार्य श्री प्रफुल्ल कुमार तथा अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम छोटी शुरुआत करें। कूड़ा-कचरा न फैलाएं, पानी बचाएं, अधिक पेड़ लगाएं, प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करें और दूसरों को भी यह संदेश दें ।प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है- स्वच्छ हवा, पानी, भोजन।अब हमारी बारी है कि हम इसे बचाकर कुछ वापस दें। हमें किसी बड़ी आपदा का इंतजार नहीं करना चाहिए। अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा कुछ अन्य बच्चे रोशन कुमार,रोशन कुमार साहू, दिव्या,श्रेया आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल की अधिग्रहित भूमि पर फर्जीवाड़े की आशंका

# एसआईटी ने जमीन घोटाले की शिकायत पर कागजातों की जांच की

### कई अधिकारियों और लाभार्थियों पर गिर सकती है गाज

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



जमीन से जुड़े फर्जी मामलों की जांच के लिए बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गुरुवार को खलारी अंचल में सक्रिय दिखी। डीएसपी रैंक के तीन अधिकारियों की इस टीम ने अंचल कार्यालय पहुंचकर जमीन से जुड़े दस्तावेजों की विस्तृत जांच की। इस टीम में डीएसपी प्रदीप पाल कच्छप, सुमन मीनी नाग और तारामनी बाखला प्रमुख रूप से शामिल थे। उन्होंने दिनभर अंचल कार्यालय में बैठकर तुमांग, नावाडीह और महुलिया मौजा से संबंधित भू-अधिग्रहण के कागजातों को बारीकी से खंगाला। एसआईटी को शिकायत मिली थी कि सीसीएल द्वारा अधिग्रहित जमीनों पर कुछ व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के सहारे मुआवजा और नौकरी पाने की कोशिश की गई। जिन जमीनों पर जांच की गई उनमें तुमांग के खाता संख्या 44, नावाडीह के खाता संख्या 92 व महुलिया के खाता संख्या 9, प्लाट संख्या 54 की जमीन है। अंचल अभिलेख में इन जमीनों का किस्म गैरमजरूआ मालिक है। शिकायत मिलने के बाद इन खातों की खतियान, जमाबंदी, प्लाट नंबर, अधिग्रहण प्रक्रिया और मुआवजा भुगतान की जांच की जा रही है। आनलाइन खतियान व पंजी दो के अनुसार तुमांग खाता 44 का कुल रकबा 1253.52 एकड़, नावाडीह खाता 92 का कुल रकबा 1828.08 एकड़ व महुलिया खाता 9, प्लाट 54 का कुल रकबा 46 एकड़ है।

मालूम हो कि सीसीएल के एनके एरिया अंतर्गत प्रस्तावित रोहिणी-करकट्टा ओपेनकास्ट प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस परियोजना के लिए तुमांग, नावाडीह, करकट्टा, हेसालौंग और मायापुर मौजों से 2534.88 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जानी है। इसके पूर्व महुलिया मौजा की भी भूमि अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा और रोजगार देने की प्रक्रिया में कथित फर्जी लाभार्थियों के शामिल होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं,

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

# पीपल सहित छायादार पौधे लगाए पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को भाजपा खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने खलारी के केडी अंबेडकर चौक परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पीपल सहित कई छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव भी रखता है। संकल्प लिया गया कि लगाए गए पौधों की देखभाल नियमित रूप से की जाएगी। कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से भी अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्ष के पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के इस मुहिम में सहभागी बनें। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजू सिंह, दिलीप पासवान, बसंत मुंडा, माधुरी पासवान, सिंधु कुमार, रामनाथ पासवान, धनेश प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीसीएल मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीसीएल मुख्यालय के गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर स्थित संगम सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभी को "पर्यावरण प्रतीज्ञा" दिलाई। जिसके बाद सीआईएल चेयरमैन पी एम प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण पर सीसीएल कर्मियों के लिए दी गई विशेष संदेश को पढ़ा गया। मुख्य अतिथि सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सामूहिक जवाबदेही है। सीसीएल हर स्तर पर हरित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदूषण कम करने के लिए सीसीएल के द्वारा उठाए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीआईएल, सीसीएल अपने क्षेत्रों में अपनी जरूरतों के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है, इस पर भी

## फेफड़े एवं डायाफ्राम का लेप्रोस्कोपी विधि के किया ऑपरेशन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची।** 30 वर्षीय श्री राहुल शर्मा पर रामगढ़ मेन रोड में चाकू से हमला हुआ था। उन्हें बाएं तरफ की छाती में चाकू लगा था, जो की पंजरियों को चीरते हुए बाएं तरफ की छाती के फेफडे एवं डायाफ्राम (पेट एवं छाती के बीच की दीवार) को चीरते हुए पेट तक पहुंच गई। जब वह अस्पताल आए थे तो उनके फेफड़ें से हवा एवं खून निकल कर छाती के अंदर ही फैल कर दूसरे तरफ के फेफड़े एवं हार्ट को दबाने लगा। इसमरीज को सांस लेने में कठिनाई होने लगी जान भी जा सकती थी। ऐसे में वे पॉलीडॉक हॉस्पिटल पहुंचे जहां उनकी छाती में तुरंत नली आईसीडी डालकर , स्थिति को संभाला गया।जब दूसरे दिन उन्हें पानी और खाना दिया गया तो उन्हें बार-बार उल्टी होने लगी, तब दोबारा सीटी स्कैन कराया गया जिससे पता चला की डायाफ्राम फटी हुई है जिसके कारण पेट के अंदर का आंत छाती में घुस गया है और वहां आकर फंस गया है। ऐसे में पॉलीडॉक अस्पताल की टीम ने सर्जरी करने का प्लान किया।

इस ऑपरेशन को लेप्रोस्कोपी विधि से किया गया। ऑपरेशन के दौरान छाती के अंदर घुसे हुए आंत को सावधानी पूर्वक छुड़ाकर वापस पेट में लाया गया। उसके बाद बाएं तरफ की छाती के अंदर जमे हुए खून के थक्के ,फेफड़ों की झिल्ली, एवं खराब हुए फेफड़ों के भाग को हटाया गया। तत्पश्चात छाती एवं पेट के बीच की दीवार में हुए छेद को सिलाई करके ठीक किया गया।

### सड़क के बीच से गुजरने वाला बिजली तार को हटाने की मांग

# एक सप्ताह के अंदर पोल व तार बदलने की प्रक्रिया प्रारंभ होने की है उम्मीद : जेई

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



अनुसूचित जाति विद्यालय से बांझेडीह प्लांट तक के पथ के मरम्मती के बाद सड़क की ऊंचाई लगभग दो से तीन फीट ऊपर हुआ है. इससे सड़क मार्ग से गुजरने वाला ग्यारह हजार वोल्ट का बिजली तार की ऊंचाई सड़क से नजदीक हो चुका है. बड़े वाहन गुजरते समय वाहन चालकों को बांस के बल्ले से तार ऊपर करने के बाद गुजरना पड़ता है. जो कभी भी विशेषकर बरसात में हादसे का रूप ले सकता है. उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा ने बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट करवाते हुए यथाशीघ्र बिजली तार ऊंचा करने या मार्ग से हटवाने की मांग किया है. उन्होंने बताया कि यदि इस दिशा में शीघ्र कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में बड़ी घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है. जेई ने बताया : मामले के संबंध में जेई अभिषेक आनंद ने बताया कि सड़क ऊंचा होने के कारण समस्या सामने आई है. जिसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए स्टेट सेफ्टी हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड (साज) को पत्राचार कर करीब 700 रेल खंभे व तार ऊंचा करने के लिए एस्टीमेट दिया है. साज ने एक सप्ताह के अंदर भुगतान करने का आश्वासन दिया है. भुगतान होते ही सड़क की ओर से गुजरने वाले सभी पोल व तार को बदलने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जायेगा. एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है.

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बीएफसीएल में हुए कई कार्यक्रम

**रामगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मरार औद्योगिक क्षेत्र स्थित बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड(बीएफसीएल) की ओर से गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। बीएफसीएल ने एंड प्लास्टिक पाल्यूशन (प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति) पर आधारित अभियान के तहत प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने व जूट से बने बैग का उपयोग करने के लिए लोगों को जाग|ŀक किया। वहीं बीएफसीएल प्लांट परिसर व बाहर में 200 से अधिक फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही सभी को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा रांची रोड, इंद्रानगर स्थित राजकीय आदर्श उच्च मध्य विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर प्लास्टिक बैग आदि के उपयोग नहीं करने के लिए स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों व स्कूली बच्चों के बीच जुट से निर्मित बैग का वितरण हुआ। मौके पर बीएफसीएल के वाइस प्रेसिडेंट आनंद सेठ ने प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी देते हुए लोगों को आज से ही प्लास्टिक बैग आदि का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने और पौधों को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज बॉक्स

### सेविका व सहायिका के चयन के लिए तय हुई आमसभा की तिथि




**बरही ।** पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत बरही परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका और सेविका का होना आवश्यक है. जिस भी केंद्र में इनकी नियुक्ति नहीं हुई है उसके चयन की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है. इसी उद्देश्य से खोड़ाहर पंचायत के विरहोर टोला के लिए 14 जून को अपराह्न 2 बजे उच्च विद्यालय छोटकी केवाल और भंडारों पंचायत के धोबियापहरी आंगनबाड़ी केंद्र में 18 जून को पूर्वाहन 11 बजे से आम सभा आमंत्रित किए गए हैं. इसकी सूचना बीडीओ जयपाल महतो ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग को पत्राचार कर दी है. इसके साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों को उक्त केंद्रो पर सेविका व सहायिका चयन के लिए आम जनों को सूचित करने की भी अपील किया है. जिससे पूर्ण पारदर्शिता के साथ योग्य व जरूरत मंद महिला का चयन किया जा सके.

### कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह ने पौधरोपण कार्यक्रम अभियान का किया शुभारंभ




**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर्या भारत सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सौजन्य से "वृक्षारोपण कार्यक्रम"की शुरुआत त्रिदेव मंदिर, विजयपथ, शिवदयाल नगर, हजारीबाग में किया गया। इसमें उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य अरुण कुमार सिन्हा(रॉकी सिन्हा), उमा शंकर प्रसाद (अमित सिन्हा), विजय सिंह, संतोष साहू, सुनीता जोसेफ, भोला नाथ प्रसाद, विजय सोनी, फैजी भाई, तथा मोहल्लेवासी विजय बर्नवाल, राम अवतार प्रसाद, राज प्रकाश, अनिल तिवारी संग प्यारे प्यारे बच्चे एवं मीडियागण उपस्थित थे। इस अभियान के तहत 1,11,000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका व सहायिका का चयन 12 व 14 जून को

**बरकट्ठा।** समेकित बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के लिए सेविका और सहायिका का चयन को लेकर सीडीपीओ नीलू रानी ने तिथि निर्धारित की है। इसमें बरकट्ठा के धरहरा स्थित बिरहोर टोला में 12 जून और और चलकुशा प्रखंड के जमसोती स्थित बिरहोर टोला में 14 जून को आमसभा व चयन समिति की बैठक होगी। जिसकी प्रतिलिपि उन्होंने प्रमुख बरकट्ठा,20सुत्री अध्यक्ष बरकट्ठा, बीडीओ बरकट्ठा, संबंधित मुखिया, वीईईओ बरकट्ठा व चलकुशा को भेजा है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आदिवासी समाज के लोगों ने किया पौधरोपण



**बरकट्ठा।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जुन के अवसर पर जुग जाहेर गाड़ सरना स्थान लाल मैदान खैरियो पंचायत चेचकपी में पौधारोपण किया गया।वहीं जुग जाहेर गाड़ के नायके बाबा गणेश मुर्मू एवं पंचायत समिति प्रतिनिधि शिलाडीह समीम अंसारी दोनों संयुक्त रूप से पौधारोपण किया।इस बीच विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण कर जंगल बचाने का संकल्प लिया गया तथा पर्यावरण को संरक्षण करने का संदेश दिया गया इस पौधारोपण कार्य में जुग जाहेर गाड़ समिति के सदस्य सुखदेव हंसदा, दुर्गा बास्के,शिबराम मांझी, राजकिशोर मरांडी,राजू मुर्मू, विष्णु मुर्मू, अशोक हंसदा, राजेन्द्र मुर्मू, संजय हंसदा, बाबूराम मांझी ब्रजकिशोर मरांडी पुर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेन्द्र बेसरा गोरहर, किशोर मुर्मू, दिलीप किस्कू सुरेन्द्र किस्कू समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर साईकिल रैली व पौधरोपण का आयोजन



**हजारीबाग ।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय ईचाक में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के संस्थापक तथा पर्यावरण प्रेमी , पर्यावरण संरक्षक स्वर्गीय घनश्याम मेहता के चित्र पर मालार्पण कर एन.एस.एस के कार्यकर्ताओं द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली को महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार ने हरी झंडी दिखा कर महाविद्यालय प्रांगण से रवाना किया। साईकिल रैली का आयोजन एन.एस.एस कॉर्डिनेटर डॉ उमेश ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक तथा लगभग सैकड़ों विद्यार्थियों ने भ्रमण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी "पर्यावरण संरक्षण ही हमारी जिम्मेदारी हैं, इसका संरक्षण में हमारी भागीदारी है" तथा "प्लास्टिक का बहिष्कार करे स्वास्थ्य पर्यावरण का विस्तार करे " जैसे नारे लगा रहे थे। इसके बाद महाविद्यालय में बारी बारी से सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व को बताते हुए परिसर में अनेक प्रकार के पौधो का रोपण किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक रेयाज अहमद, विनय कुमार मेहता, मनोज कुमार राणा, दीपेन्द्र कुमार, अशीष कुमार पाण्डे, कुंदन शर्मा, कृष्ण कुमार, पूनम कुमारी, नीलिमा कुजूर, उर्मिला कुमारी तथा शाहीन प्रवीण इत्यादि उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी की छात्राओं ने इंटर की परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट लाकर स्कूल का नाम रौशन किया



**रामगढ़।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा 05 जून को इंटरमीडिएट (आर्ट्स) का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय प्लस टू विद्यालय पतरातु की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय से 58 छात्राएं शामिल हुई थीं। जिनमें से सभी 58 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय व अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। जिसमें विद्यालय की छात्रा खुशबू कुमारी ने 89.20%, साइना परवीन 87.00% , पैरों कुमारी 86.80% , रौनक कुमारी 86.20% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्राओं द्वारा इंटरमीडिएट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर विद्यालय की वार्डन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने बधाई दी है। कहा कि यह छात्राओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्रों के भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया है। वार्डन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कछुए की चाल से हो रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना के समीप स्थित लेंबुआ मोड़ के पास फ्लाईओवर पुल का निर्माण कछुए की चाल से हो रही है। जिसके कारण ग्रामीणों को सड़क पार करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा कि ग्रामीण को थाना जाना हो तो बगोदर के रास्ते आधा किलोमीटर तक जा कर गोरहर थाना आते हैं दुसरी ओर सूरजकुंड पेट्रोल पंप के पास से मुड़कर गोरहर थाना पहुंचते हैं।ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन यहॉ दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है।वहीं आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोड क्रॉस करने में काफी फजीहत होती है।ग्रामीणों ने कहा कि यहां एक गार्ड तथा एक स्पीड ब्रेकर की नितांत आवश्यकता है। यहां धूल डस्ट उडने से लोगों को परेशानी हो रही है।

## विधायक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बरही ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विधायक मनोज कुमार यादव ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. रसोईया धमना स्थित टोल प्लाजा के समीप एनएचएआई के कार्यक्रम में उन्होंने लोगो से पेड़ है तो कल है और तब ही स्वस्थ जीवन सफल है का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण की बात कही. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाकर देशवासियों से हर एक व्यक्ति से वृक्ष की रक्षा और वृक्षारोपण करने की अपील किया है. जिसका हम सबों को गंभीरता से लेते हुए वृक्षों के अनावश्यक कटाव पर रोक लगाने, परिपक्व वृक्ष के स्थान पर नए पौधे लगाने और उसे संरक्षित करने की दिशा में कार्य करनी चाहिए. उन्होंने वृक्षों से मिलने वाले लाभ का जिक्र करते हुए स्वच्छ व शुद्ध वातावरण के साथ जीवन व्यतीत करने के लिए सबों से इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाने की अपील किया. मौके पर टॉल कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे.

### डाड़ी प्रखंड में विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने पौधारोपण कर की। इसके बाद प्रमुख दीपा देवी, प्रखंड विकास पदधिकारी अनु प्रिया, सीओ कमलकांत वर्मा, जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि गुजन साव, उपप्रमुख सुमन देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष लखनलाल महतो, सपोर्ट के विवेक राय, विनोद कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी देवेंद्र कुमार आदि ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाना जरुरी है। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने प्रखंड परिसर में एक एक पौधा लगाया। इस अवसर पर जीपीएस अजीत तिवारी, उज्जवल किशोर, जयकिशोर महतो, लाल बहादुर महथा सहित प्रखंड के विभिन्न कर्मी और दाधिकारी उपस्थित थे।

### सदर विधायक ने हरियाली महोत्सव का किया भव्य शुभारंभ

# वर्ष 2025 में 1,51,000 पौधा रोपण और वितरण का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

- **पर्यावरण संरक्षण हमारा सामूहिक दायित्व है, हर व्यक्ति एक पौधा लगाए माँ के नाम पर, प्रकृति के नाम पर**




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरियाली महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ किया। इस महोत्सव के अंतर्गत उन्होंने 1,51,000 पौधे लगाने एवं वितरण करने का संकल्प लिया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरणीय पहल एक पौधा माँ के नाम से प्रेरित है, जिसे विधायक श्री प्रसाद ने जनभागीदारी से जोड़ते हुए एक जन आंदोलन का स्वरूप देने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय परिसर में एक विस्तृत प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में उन्होंने हरियाली महोत्सव की शुरुआत एक लाख पौधे लगाने और वितरित करने के संकल्प के साथ की थी। यह संकल्प उन्होंने अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया। प्रधानमंत्री से प्राप्त इस प्रेरणा के बाद विधायक श्री प्रसाद ने वर्ष 2025 में हरियाली महोत्सव को और अधिक विस्तार देने का निश्चय किया है, जिसके अंतर्गत 1,51,000 पौधों का रोपण एवं वितरण किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत फलदार, छायादार और औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनमें नीम, आम, अमरूद, जामुन, पीपल और बड़ जैसे पौधे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है, इस कार्य में भाजपा के सभी नेता, कार्यकर्ता, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम जनमानस का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। प्रेस वार्ता में विधायक ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह अभियान केवल प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने जनता से अपील की वे हरियाली महोत्सव को अपने जीवन से जोड़ें और कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# वन प्रमंडल पदाधिकारी ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच किया पौधों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में वन विभाग द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी मांडू के निर्देशानुसार फलदार पौधों का वितरण विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच किया गया । साथ ही कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप और वन विभाग के प्रभारी वनपाल शैलेंद्र कुमार, विकास उरांव ,सुनील कुमार ने जानकारी दी। कार्यक्रम में वनरक्षी संतोष टोप्पो ,पवन कुमार ,अनिल कुमार ,नितेश रजवार आदि भी मौजूद थे। डॉ सुनील कुमार कश्यप ने पर्यावरण के संबंध में बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक होने की जरूरत है यदि अभी हम लोग जागरुक नहीं होते हैं तो आने वाले दिनों में पर्यावरण प्रदूषित होगा। कहा कि आज जिस तरह से सभी लोग प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं का प्रयोग कर रहे हैं।

## अजप्ता बरकट्ठा के तत्वावधान में बीईईओ के विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बरकट्ठा इकाई के तत्वावधान में निवर्तमान बीईईओ का विदाई एवं नव पदस्थापित बीईईओ का अभिनंदन समारोह का आयोजन प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल बरकट्ठा में किया गया। मौके पर निवर्तमान बीईईओ किशोर कुमार को बुके और अंगवस्त्र देकर भावपूर्ण विदाई दी गई। वहीं नव पदस्थापित बीईईओ प्रभाकर कुमार को शिक्षकों ने माल्यार्पण और अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान अजप्ता संघ के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि निवर्तमान बीईईओ किशोर कुमार का कार्यकाल बेहतर रहा। शिक्षा के विकास में इनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। ऊपर से सख्त और अंदर से कोमल किशोर कुमार के कार्यशैली की हम सभी शिक्षक प्रशंसा करते हैं।

### लोटन सेवा में दिखा आस्था का अदभुत नजारा

**गोला।** गोला में आयोजित भगवान शिव आराधना का महापर्व मंडा पूजा को लेकर बुधवार को आस्था का अदभुत नजारा देखने को मिला। पूजा को लेकर सैकड़ों शिवभक्तों ने तपती धूप में खुले बदन लोटन सेवा कर अपनी भक्ती का परिचय दिया। इस पर्व को लेकर शिवभक्त पांच दिनों तक वैराग्य वेशभूषा में अनवरत उपवास कर भगवान शिव की भक्ति करते हैं। इस दौरान शिवभक्त अहले सुबह शिव मंदिर से निकल कर पास के गोमती नदी तट पर पहुंचे। इसके बाद सभी भक्त जमीन पर लोटन सेवा करते हुए मंदिर तक पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भक्तों के उपर जमकर पुष्प की वर्षा की। मंडा समिति के अध्यक्ष गजानंद कुमार कुशवाहा, सचिव शनि कुमार दांगी व कोषाध्यक्ष परमेशवर ने बताया कि 5 जून की रात भव्य छऊ नृत्य सह मेला व सुबह फुलकुंदी का आयोजन किया जाएगा।

# पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है : सूर्यवंश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव और कैंट मंडल मंत्री अजीत गुप्ता द्वारा गुरूवार को शहर के बूथ संख्या 11 अंतर्गत गांधी स्मारक +2 उच्च विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार वृक्ष लगाया गया। इस मौके पर कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दिन पूरे विश्व में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाता है। कहा कि वर्तमान परिवेश में वृक्षारोपण काफी महत्वपूर्ण हो गया है और सभी लोगों को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि इससे पर्यावरण को हरभरा और स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी।

## बरही में प्रारंभ हुआ सी-वाई टीबी टेस्ट, 10 मरीजों को दिए गए इंजेक्शन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

टीबी मुक्त बरही बनाने के लक्ष्य के साथ डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अनुमंडलीय अस्पताल में सी-वाई टीबी टेस्ट की शुरुआत किया. इस अवसर पर दस मरीजों को सी-वाई टीबी टेस्ट के इंजेक्शन दिए गए. उक्त जानकारी एसटीएलएस विजेंद्र कुमार ने दिया. उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य विभाग का नया और प्रभावी कार्यक्रम है. इसके तहत टीबी वाले संभावित मरीज व उसके आस पास के लोगो को सी वाई टीबी टेस्ट के इंजेक्शन दिए जाते है. जिससे दो से तीन दिन के अंदर टीबी पीड़ित मरीज में टीबी के लक्षण दिखाई पड़ते है. जिसका स्वास्थ्यकर्मी घर जाकर रिपोर्ट लेते है. टीबी पीड़ित मरीज को टीबीटी का दवा दिया जाता है. तीन माह तक नियमित दवा खाने के बाद टीबी मरीज स्वस्थ्य हो जाते हैं. इस नए जांच में सबसे बड़ा लाभ है कि अब दवा सिर्फ टीबी पीड़ित मरीज को ही दिया जाता है. इसके पूर्व टीबी पीड़ित के साथ रहने वाले लोगों को भी खाना पड़ता था.

### सर जेसी बोस सीएम स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# पर्यावरण का ध्यान और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेवारी : कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



- बच्चों को दी है नई दिशा, बच्चों के सर्वांगीण विकास ओर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका
- प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेवारी भी है और कर्तव्य भी। पर्यावरण दिवस को सफल बनाने के लिए हमें मिलकर पर्यावरण का ख्याल रखना होगा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सर जेसी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में पौधारोपण-सह-मेघा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उपविकास आयुक्त स्मृता कुमारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके साथ ही झारखंड के टॉप 5 छात्रों में शामिल सर जे सी बोस सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के टॉप 3 टॉपर्स सहित अन्य मेघा सूची में शामिल छात्राओं को कल्पना मुर्मू सोरेन द्वारा पारितोषिक एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्पना मुर्मू सोरेन, गिरिडीह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है और हम सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो सपना लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत किया था, आज उसका परिणाम मिल रहा है। आज इस विद्यालय की बच्चियां पूरे झारखंड के टॉप 5 में अपना स्थान बनाई है, जो उनके लगन और मेहनत के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकों और सभी के मेहनत को दर्शाता है। कहा कि पौधे और बच्चे दोनों एक सामान होते हैं, दोनों को बड़े करने के लिए मेहनत, समय और देख रेख की जरूरत होती है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिडीह उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण करना सार्थक हुआ है। इस विद्यालय में छात्रों को सीबीएसई पैटर्न से आधारित शिक्षा दी जा रही है।

# निर्जला एकादशी व्रत करने से घर में सुख समृद्धि आती है : मिथलेश



रामगढ़। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी का जाता है। पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 5 जून को रात 3 बजकर 14 मिनट पर आरंभ हो रही है, जो 6 जून को रात 5 बजकर 2 मिनट पर समाप्त होगी। उक्त बातें गुरुवार को ज्योतिषी मिथलेश तिवारी ने कही । उन्होंने कहा कि इस दिन व्रत रखने मात्र से अन्य एकादशी के बराबर फल की प्राप्ति होती है। इस एकादशी को सबसे कठोर एकादशी में से एक माना जाता है, क्योंकि इस व्रत में जल तक पीने की मनाही होती है। श्री तिवारी ने कहा की इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने के साथ व्रत रखने से हर तरह के दुख दूर हो जाते हैं और सुख-समृद्धि, धन-संपदा की प्राप्ति होती है। इस साल निर्जला एकादशी की तिथि को लेकर थोड़ा सा असमंजस की स्थिति बनी हुई है। निर्जला एकादशी पर अबकी बार भद्र राजयोग का शुभ संयोग बना है। दरअसल इस बार निर्जला एकादशी के शुभ संयोग में बुध अपनी राशि मिथुन में प्रवेश करेंगे। बुध के मिथुन राशि में आने पर साल का सबसे बड़ा राजयोग भद्र राजयोग बन रहा है। भद्र राजयोग के शुभ प्रभाव से वृषभ और कन्या सहित 5 राशियों के जीवन में उन्नति के योग बन रहे हैं। इन राशियों के लोगों को नौकरी और कारोबार में मनचाहे अवसर मिल सकते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### तिसरी, मनसाडीह, बरवाडीह पंचायत भवन में किया गया पौधरोपण



**तिसरी।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर तिसरी प्रखंड के तिसरी, मनसाडीह, बरवाडीह पंचायत भवन में पौधा रोपण किया गया। इस मौके पर मनसाडीह मुखिया बसन्ती मरांडी ने घसनी तेतरिया में पौधा रोपण किया। वहीं तिसरी मुखिया और पंचायत सचिव ने तिसरी पंचायत भवन में वृक्षा रोपण किया। इन्होंने सभी प्रखंड वासियों से अपील किया कि कम से कम जीवन में एक पौधा जरूर लगाएं। पेड़ लगाने से प्रदूषण से मुक्ति मिलेगा और आने वाली पीढ़ी को भी पौधारोपण का लाभ मिलेगा। मनसाडीह के मुखिया बसन्ती मरांडी ने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम -विश्व पर्यावरण दिवस 2025" ग्राम पंचायत मनसाडीह अन्तर्गत ग्राम घसनी तेतरिया में माँ के नाम एक पेड़ लगाया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया एवं एक एक पेड़ सभी लोगों को लगाने का संदेश दिया। इस मौके पर मुखिया बसन्ती मराण्डी, मुखिया प्रतिनिधि लखीराम हेम्ब्रम, ग्रामीण -सोमरा हांसद, सुनील , कैली, मती, एलिज़ाबेथ आदि उपस्थित थे।

# साहिबगंज के जेवर दुकान में लूट 4 किलो चांदी लूटकर लुटेरे फरार



**साहिबगंज।** आधा दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने बुधवार की शाम को पिस्टल के बल पर राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक बाजार स्थित न्यू दीपक ज्वेलर्स से करीब चार किलो चांदी के आभूषण लूट लिए. इस दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए आधा दर्जन राउंड फायरिंग भी की. घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने बम भी रखा था. न्यू दीपक ज्वेलर्स के मालिक तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ निवासी अजीत शर्मा अपने दोनों बेटों दीपक शर्मा और विक्रम शर्मा के विवाह समारोह में बाहर जाने के कारण दुकान पर थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शाम करीब पौने पांच बजे तीन मोटरसाइकिल से छह नकाबपोश हाथ में पिस्टल लहराते उसकी दुकान के सामने पहुंचे. दो दुकान में प्रवेश कर गए और बाकी 4 सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए. दुकान के अंदर गए दोनों नकाबपोश में से एक ने अपनी पिस्टल से सीसीटीवी के टीवी स्क्रीन पर फायर कर उसे तोड़ दिया. फिर पिस्टल के बल पर दुकान में रखी चांदी के सभी आभूषण समेट लिए. इस दौरान विरोध करने पर दुकानदार अजीत शर्मा के साथ मारपीट भी की. आभूषण लेने के बाद दोनों अपराधी बाहर निकले और बाइक से तालझारी की ओर फायरिंग करते हुए भाग निकले.

**सूचना मिलते ही पहुंची दो थानों की पुलिस :** घटना की सूचना मिलते ही राजमहल व तालझारी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई. एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजमहल प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार व तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की. पुलिस ने दुकान के बाहर सड़क से एक खोखा भी बरामद किया.

### गंगा दशहरा पर स्नान के लिए घाटों पर उमड़ी भीड़

# आम लूटकर गंगा मईया से भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**



गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा स्नान को लेकर उमड़ी. मुक्तेश्वर गंगा घाट पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई. मान्यता है कि इस पावन अवसर पर आमों को गंगा में लुटाने से सुख शांति की प्राप्ति होती है. श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा पाठ किया, महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग के लंबी उम्र की कामना की. पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने आम को गंगा में लूटाया. आम को लूटने के लिए बच्चे पहले से यहां पर इंतजार कर रहे थे. आम जैसे ही गंगा में फेंका गया वैसे ही सभी ने प्रसाद के तौर पर उसे लूटा. स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे दान पुण्य किया. मंदिर में भगवान शिव की पूजा पाठ की. शहर के शकुंतला सहाय घाट, ओझा टोली घाट, चानन और शोभनपुर भट्टा गंगा घाट पर सुबह से ही स्नान को लेकर भीड़ उमड़ी. श्रद्धालुओं ने पंडित से गंगा दशहरा के महत्व की कथा सुनी. मंदिरों में इस अवसर पर भजन की धुनों से माहौल पुरी तरह भक्तिमय रहा. राजमहल की उत्तरवाहिनी गंगा में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. मान्यता है कि उत्तरवाहिनी गंगा में गंगा स्नान करने से सारे तीर्थ के पुण्य की प्राप्ति हो जाती है. गंगा दशहरा के अवसर पर शाम को गंगा महाआरती का आयोजन होगा. यह गंगा आरती बनारस की तर्ज पर होगी.

### अपराध छोड़ो या जेल जाओ साइबर अपराधी से एसपी का दो टूक

**जामताड़ा।** एसपी राजकुमार मेहता ने जामताड़ा जिले को साइबर अपराध से मुक्त जिला बनाना ठाना है. एसपी ने साइबर अपराधियों को चेताया है कि वह सुधर जाए वरना कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहे. उनके मुताबिक किसी भी कीमत पर साइबर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा. एसपी राजकुमार मेहता ने बताया है कि जिले के साइबर अपराधियों के संपत्ति की जांच की जाएगी. साथ ही उन्हें चिन्हित भी किया जाएगा. उन्होंने यह भी बताया कि साइबर अपराधी अब तक यह समझ रहे थे कि जेल जाएंगे, वकील से मिल लेंगे और साइबर अपराध को अंजाम देते रहेंगे, लेकिन अब वह भूल जाए. अब नए बीएनएस की धारा 111 के तहत उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. इतना ही नहीं चिन्हित अपराधियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जाएंगे और उसे जेल भेज कर सजा दिलाई जाएगी.

### ट्रांसफार्मर के आभाव में 22 दिनों तक अंधेरे में रहे ग्रामीण, उपायुक्त के पहल से ट्रांसफार्मर का हुआ अधिष्ठाप



**हजारीबाग।** बिजली आज के परिवेश में मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। बिजली के आभाव में जनजीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इसी क्रम में पदमा प्रखंड का सूरजपुर गांव गत 22 दिनों से ट्रांसफार्मर के खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रह रहे थे। इस संबंध में ग्रामीणों ने उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से संपर्क किया तथा बिजली बहाल करने की गुहार लगाई,इस पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग को अविलंब ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन के निर्देश दिए। फलस्वरूप कल सूरजपुरा गांव में ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त के त्वरित कारवाई पर धन्यवाद दिया है।

### महिला का प्रसव के लिए प्रसव कक्ष का दरवाजा न खोलने की घटना को उपायुक्त ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**हजारीबाग।** गत दिनों शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में प्रसव कराने आई चलकुशा प्रखंड की महिला का प्रसव के लिए प्रसव कक्ष का दरवाजा नहीं खोलने की घटना पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से वार्ता कर अभिलंब जांच टीम गठित करने तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा जांच रिपोर्ट में पाए जाने वाले दोषियों पर कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर प्रबंधन सतर्क रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन



**रामगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर गुरूवार को दामोदर महोत्सव समिति रामगढ़ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पर्यावरण के संरक्षण - संवर्धन एवं जीव सुरक्षा प्रमुख टॉपिक परिचर्चा हुई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ के अध्यक्ष अनूप कुमार, विशिष्ट अतिथि सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर ,पुरुषोत्तम पांडे उपस्थित हुए। संगोष्ठी की अध्यक्षता दामोदर महोत्सव रामगढ़ के जिला अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ एवं संचालन डॉ संजय प्रसाद सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अनूप कुमार का गोविंद मेवाड़ ने पौधा भेंट कर स्वागत किया । विशिष्ट अतिथि सरदार अनमोल सिंह का शंभू शरण सिंह ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। संगोष्ठी का विषय प्रवेश रविंद्र शर्मा ने किया । उन्होंने कहा कि यदि स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी है। विशिष्ट अतिथि संजय प्रभाकर ने कहा कि आज जरूरत है हम सबों को प्रकृति प्रेमी बनने की। जिस प्रकार हम सब अपने घर में परिवार की देखरेख करते हैं ठीक उसी प्रकार से प्रकृति की सुरक्षा एवं पेड़ पौधों से प्यार करने की जरूरत है ।सरदार अनमोल सिंह ने कहा यदि पर्यावरण को हम सब मिलकर संरक्षित करते हैं तो पेड़ पौधे को लगाने से लेकर जीवन की सुरक्षा करने पर समय देने की जरूरत है। निश्चित रूप से यह पर्यावरण काफी सुंदर और स्वच्छ होगा । मुख्य अतिथि अनूप कुमार ने कहा की पेड़ों से ही ऑक्सीजन मिलता है और ऑक्सीजन ही जीवन प्रदान करता है । यदि जीवन को निर्वाण रूप से हम सब जीना चाहते हैं तो ऑक्सीजन के लिए पर्यावरण की सुरक्षा जरूरी है । वहीं, अध्यक्षीय भाषण में गोविंद मेवाड़ ने कहा कि आज यह संगोष्ठी भले ही लघु रूप में है किंतु समाज के लिए यह जन जागरूकता के साथ मील का पत्थर साबित होगा । इस संगोष्ठी को विजय जायसवाल, पुरुषोत्तम पांडे अनिल कुमार आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

### जंगली नर हाथी की मौत कार्रवाई में जुटा वन विभाग

**सरायकेला।** जिला में चांडिल के नीमड़ीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आमडाबेड़ा गांव में झुंड से बिछड़ कर आए एक जंगली नर हाथी की मौत गुरुवार सुबह हो गई. इसको लेकर आसपास के गांव के लोग शव के पास जमा हो गये. गुरुवार अहले सुबह आमडाबेड़ा गांव में ग्रामीणों ने खेत में मृत अवस्था में एक हाथी को देखा. इसके बाद यह बात जंगल के आग की तरह फैल गई और ग्रामीणों का हुजूम हाथी के शव के पास उमड़ पड़ा. इधर जंगली हाथी की मौत के मामले की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई. जिसके बाद वन विभाग की टीम के आमडाबेड़ा के लिए निकल पड़ी है. फिलहाल हाथी की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है. स्थानीय लोगों ने बताया कि ये जंगली हाथी आसपास ग्रामीण क्षेत्र में लगातार विचरण करता था. लोगों ने कई बार आसपास उसे देखा था लेकिन गुरुवार सुबह उसका शव देखा गया. इस जंगली हाथी की मौत मामले को लेकर वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि रंजन प्रकाश ने बताया कि स्थानीय लोगों और ग्रामीणों के द्वारा जंगली हाथी का शव खेत में देखा गया, जिसकी जानकारी उनको प्राप्त हुई है.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर महिलाओं ने पेड़ों को बांधा आस्था का रक्षासूत्र



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद**

छोटकी खरगडीहा के खंभाटांड जंगल मे विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पेड़ों को रक्षा सुत्र से बांधा गया और पेड़ों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या महिला और पुरुषों ने भाग लिया था। छोटकी खरगडीहा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी और भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा इस कार्यक्रम की अगुआई कर रहे थे। मुखिया सुनिता देवी ने खंभाटांड जंगल मे काजु के पेड मे रक्षा सुत्र बांध एंव पेड़ को जड मे पानी डालकर रक्षा सुत्र बांधने का कार्य प्रारंभ किया गया। जंगल मे क्रमशः पेडों को रक्षा सुत्र बांधा गया। इसके पूर्व मे योग प्राणायाम कर लोग पेड़ों को रक्षा सुत्र बांध कर पेडों की सुरक्षा का एक साथ संकल्प लिया गया। रक्षा बंधन के बाद प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़.मां के नाम के तहत पौधा रोपन का कार्य किया गया। मौके पर भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि पेड पौधा से ही स्वच्छ पर्यावरण मिल सकता है। पेड पौधा से पर्यावरण का अनमोल रिश्ता है। पेड पौधे के बीना मानव जीवन की कल्पना नही किया जा सकता है। इसलिए पेडों की सरक्षा जरूरी है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साह,देवंती देवी,मंजु देवी,सुनील कुमार, सतीश कुमार, अरूण शर्मा, सुभाष राणा, जमुना साव, सुदामा पंडित,बबलु पंडित,टेटु पंडित,टिंकु पंडित, राजेश कुमार पंडित,भुषण पंडित, सुरेश राणा, जयप्रकाश वर्मा, परमेश्वर पंडित, बिनोद यादव,राजु साव,अजय पंडित, घनश्याम राना, बिरेंद्र साह,मनोज साव, विश्वनाथ सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

भंडारीडीह मे किया गया पौधा रोपन : पर्यावरण दिवस पर भाजपा बेंगाबाद मंडल के तत्वाधान मे "एक पेड़ माँ के नाम " कार्यक्रम के तहत भण्डारीडीह पंचायत के ग्राम खूंटाबांध में पुस्तकालय भवन के समीप भाजपा प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा ने पौधा रोपन किया। मौके पर भंडारीडीह पंचायत मुखिया अनिता देवी भाजपा बेंगाबाद मंडल अध्यक्ष सौरभ सागर मिश्रा , दिनेश शर्मा , पंसस राजकुमार राणा उमेश शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। फोटो।

### विधुत ग्रिड निर्माण में हो रही देरी से प्रखंड में लोगों की परेशानी बढ़ी



**सिमडेगा।** आदिवासी कांग्रेस के नेता दिलीप तिर्की ने जिले में बार बार होने वाले बिजली की समस्याओं के कारण सिमडेगा के कुरडेग प्रखंड में बन रहा हेठमा पावर ग्रीड जायजा लिया। कहा निर्माण में हो रहा विलम्ब दो प्रखंड के बड़ी आबादी को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने के सपनो में ग्रहण लगा रहा है। सिमडेगा के कुरडेग प्रखंड में निर्माणाधीन हेठमा पावर ग्रीड को बीरबल की खिचड़ी बना दिया है संवेदक ने। इस हेठमा पावर ग्रीड का निर्माण झारखंड ऊर्जा संचरण लिमिटेड द्वारा एसपीएनएल इंफ्रा लिमिटेड के माध्यम से मई 2021 में शुरू हुआ था। जिसे 24 महीने में पूर्ण कर लेने का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के आज 48 महीने के बाद भी ग्रीड का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। सिमडेगा के सुदूर कुरडेग और केरसई प्रखंड को 60 किलोमीटर दूर बीरू ग्रीड से बिजली की सप्लाई दी जा रही है। जिस कारण पवार ब्रेक डाउन की समस्या इन तीनों प्रखंडों में लगातार बनी रहती है। कुरडेग और केरसई प्रखंड के पवार ब्रेक डाउन की इसी समस्या को निजाद दिलाने के लिए हेठमा पावर ग्रीड निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन पांच वर्ष के बाद भी इस ग्रीड का निर्माण कार्य अधूरा रहना विभाग और संवेदक की लापरवाही दर्शा रहा है। जिसका दंश कुरडेग, सिमड़ेगा ब्लॉक और केरसई वासियों को झेलना पड़ रहा है। आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की यह भी कहा कि इस निर्माणाधीन पवार ग्रीड के विषय मे सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन से इस निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने की मांग करेंगे।सिमडेगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति से बात करने पर उन्होंने कहा कि हेठमा पवार ग्रीड पूर्ण होने से ग्रामीणों को होने से काफी फायदे हैं। लेकिन निर्माण में विलंब के विषय मे पूछा गया तो कार्यपालक अभियंता ने कहा कि 06 महीने में हेठमा निर्माण पूर्ण किया जाएगा।

### निर्धारित समय पर बैठक नहीं होने से कोनरा भाग 1 पंसस नाराज


# बैठक के नाम पर सिर्फ होती है कागजी प्रक्रिया बीडीओ लें संज्ञान : मो यूसुफ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



बुधवार को संपन्न हुए समीक्षात्मक बैठक को लेकर कोनरा भाग- 1 पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ अंसारी नाराज हैं. नाराजगी का मुख्य कारण सार्वजनिक रूप से बैठक की सूचना नहीं देना और निर्धारित समय पर बैठक आयोजित नहीं करवाना है. उन्होंने बताया कि बुधवार को पंचायत सचिवालय में पूर्वाहन 11:00 से समीक्षात्मक बैठक होना तय किया गया था. वह निर्धारित समय पर पंचायत मुख्यालय पहुंचे, परंतु कोई भी मौजूद नही था. आधा घंटा इंतजार करने के बाद वापस चले गए. बैठक कब प्रारंभ हुआ उसकी उसे कोई जानकारी नहीं दी गई. पंसस ने आरोप लगाया है कि प्रायः बैठक निर्धारित समय पर प्रारंभ नही होते है और न ही इसकी सूचना सार्वजनिक की जाती है. जिससे लोगों की उपस्थिति नही के बराबर होती है. सिर्फ कागजी प्रक्रिया पूरी की जाती है. सदस्यों या जनप्रतिनिधियों अथवा जनता की उपस्थिति नही होती है. सभी प्रस्ताव सिर्फ कुछेक लोगो की उपस्थिति में ही लिए जाते है. उन्होंने बीडीओ को मामले को संज्ञान में लेते हुए बैठक पूर्व सार्वजनिक सूचना व निर्धारित समय से बैठक आयोजित करवाने के लिए मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश देने की मांग की है. पंसस के वक्तव्य का कुछ वार्ड सदस्यों ने भी समर्थन किया है. मामले के संबध में पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने बताया कि बैठक के पूर्व सूचना दिए गए थे. यह सार्वजनिक है कि प्रत्येक रोजगार दिवस (बुधवार व गुरुवार) को बैठक किया जाना है. इसे जनप्रतिनिधियों व जनता को भी गंभीरता से लेते हुए पंचायत विकास के कार्यों में हाथ बढ़ानी चाहिए.

### मां भगवती सह हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ के आठवें दिन शामिल हुए सांसद



**हजारीबाग।** बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड अंतर्गत रामपुर के ग्राम नावागढ़ में बीते 29 मई से आगामी 06 जून 2025 तक चलने वाले 09 दिवसीय श्री श्री 108 मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के आठवें दिन हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल यहां पहुंचे। यज्ञ मंडप पर माथा टेका और पूजा -अर्चना कर मां भगवती और वीर हनुमान से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस यज्ञ के यज्ञ आचार्य सह प्रवचनकर्ता महाराज आचार्य संतु कृष्ण शास्त्री और कथावाचिका के रूप में मिथलेश्वरी शास्त्री यज्ञ के विधान और कथा प्रवचन को संचालित कर रहें हैं । मौके पर उपस्थिति श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से जहां क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है वहीं लोगों ने धार्मिक दृष्टि प्की भावना भी प्रबल होती है। यज्ञ के दौरान जैसा आचार- विचार और व्यवहार रहता है उसे यज्ञ के आयोजन के पश्चात अपने दैनिक दिनचर्या में निरंतर आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए तभी यज्ञ के आयोजन का असल उद्देश्य सफल होगा।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**

Reference No. - UDD/HMC/HZB/11/2025-26 Date :04.06.2025

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rejuvenation of Kasturikhap Ahar in ward no. 23 under Municipal Corporation, Hazaribag | 90,60,000/- | 2,00,000/- | 11,800/- | 365 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 09.06.2025 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 24.06.2025 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 26.06.2025 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/नवि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Administrator
PR 354379 Urban Development and Housing(25-26)#D Municipal Corporation, Hazaribag

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब हम उन विचारों, सिद्धांतों, विधियों और तकनीकों की पूरी श्रृंखला की जांच करते हैं जो गुरजिएफ पश्चिम में लेकर आए, तो हमें संदेह हो सकता है कि क्या एक व्यक्ति इतना कुछ कर सकता था। वह खुद हमें बताता है कि इसके लिए सामूहिक प्रयास जिम्मेदार था - **जॉर्ज गुरजिएफ**

# संपादकीय

## सीमाओं से परे अद्भुत सांसद

अपने दस मिनट लंबे और बेबाक ऑक्सफोर्ड यूनियन भाषण से शक्तिशाली ब्रिटिश राजनीति, शिक्षा और मीडिया को हिलाकर रख दिया हो, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा व्यवस्थित रूप से किए गए अकथनीय अन्याय व कुकृत्यों और उसकी नीतियों से जन्मे अकालों व आर्थिक दरिद्रता के दुष्चक्र को उजागर किया और सार्वजनिक रूप से माफी और क्षतिपूर्ति की मांग की, जिसे छह घंटे में करीब 70 लाख लोगों ने पसंद किया? उनके इस कार्य की देश के प्रधानमंत्री सहित पार्टी लाइन से ऊपर उठकर नेताओं ने सराहना की, लेकिन खुद उनकी पार्टी इस पर चुप्पी साधे रही! क्या आप किसी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने 26 किताबें लिखी हों, जिनमें से ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर रही हों, जिनके साप्ताहिक कॉलम भारत और विदेश में दो दर्जन से अधिक प्रकाशनों में छपते हैं और जिनकी पुस्तक 'एन एरा ऑफ डार्कनेस' ने उन्हें प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार दिलाया। जिनकी वाद-विवाद और भाषण कला सेंट स्टीफेंस कॉलेज के दिनों से ही ऐसी रही है, जिसके बारे में कहानियां बनाई जाती हैं, लेकिन उन्हें पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के रूप में बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता है? तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद रहे शशि थरूर लंबे, सुंदर, शालीन, अच्छे कपड़े पहनने वाले, स्टाइलिश और स्पष्टवादी हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी अच्छी-खासी धूम है। ट्विटर (अब एक्स) पर भारत में उनके पास सबसे ज्यादा फॉलोअर्स थे, जब तक कि शाहरुख खान, बिग बी और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पीछे नहीं छोड़ दिया। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि जब वह छोटे थे, तो काफी बीमार रहते थे। तब टीवी, इंटरनेट, फेसबुक या इंस्टाग्राम न होने के कारण, वह किताबें पढ़ने की तरफ आकर्षित हुए। यह उनके पिता द्वारा प्रोत्साहित की गई एक अच्छी आदत थी। वह 1978 में 22 वर्ष की आयु में फ्लेचर स्कूल ऑफ लॉ एंड डिप्लोमेसी और टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पीएचडी ग्रहण करने वाले सबसे कम उम्र के छात्रों में से एक थे। वह संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए और वहां 29 वर्ष बिताए, अवर महासचिव भी बने। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बनने की सोची और भारत के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में इस पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश की। लेकिन किस्मत और दुनिया की एकमात्र महाशक्ति उनके पक्ष में नहीं थी। हालांकि, उन्हें दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले, दो विदेश मंत्रियों और एक प्रधानमंत्री से ज्यादा। वह तिरुवनंतपुरम से पहली बार कांग्रेस उम्मीदवार के रूप तौर पर चुनाव लड़े, तो स्थानीय नेता इस बाहरी व्यक्ति से प्रभावित नहीं थे, लेकिन उन्होंने अपने काम से न केवल जनाधार बढ़ाया, बल्कि लगातार चार लोकसभा चुनाव जीते।

*क्या आप किसी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी का नाम बता सकते हैं, जिसके सांसद ने 26 किताबें लिखी हों, जिनमें से ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेस्टसेलर रही हों, जिनके साप्ताहिक कॉलम भारत और विदेश में दो दर्जन से अधिक प्रकाशनों में छपते हैं*

एक बार भाजपा नेता अरुण जेटली ने कहा था कि विपक्ष का काम विरोध करना है, लेकिन शशि विपक्ष के लिए ऐसा नहीं मानते। वह सरकार से वाजिब सवाल पूछने में नहीं हिचकिचाते, लेकिन जब सरकार कुछ सराहनीय करती है, तो सराहना करने से भी पीछे नहीं हटते।

# राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिला कैडेट्स की भागीदारी
# लैंगिक समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिला कैडेट्स की ऐतिहासिक भागीदारी न केवल भारतीय सैन्य परंपरा में एक क्रांतिकारी मोड़ है, बल्कि यह भारतीय समाज के व्यापक परिप्रेक्ष्य में लैंगिक समानता की दिशा में एक निर्णायक उपलब्धि भी है। यह परिवर्तन उस मानसिकता और व्यवस्थागत ढांचे को चुनौती देता है, जिसमें सैन्य सेवाओं को पारंपरिक रूप से पुरुषों के लिए ही उपयुक्त माना गया था।

**इतिहास की पृष्ठभूमि :** 1954 में पुणे के खड़गवासला में स्थापित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना के लिए त्रिसेवा-पूर्व प्रशिक्षण संस्थान के रूप में लंबे समय तक केवल पुरुषों के लिए आरक्षित रहा। यद्यपि 1990 के दशक के प्रारंभ से महिलाओं को सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जाने लगा था, फिर भी उन्हें केवल कुछ सीमित गैर-युद्ध भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया। एनडीए में प्रवेश की अनुमति महिलाओं को नहीं थी, जो कि एक प्रमुख लैंगिक असमानता को दर्शाता था।

**कौन बने इस संघर्ष के सूत्रधार? :** महिलाओं की एनडीए में भागीदारी सुनिश्चित करने की लड़ाई कानूनी सक्रियता, सामाजिक जागरूकता और नारीवादी संगठनों की निरंतर मांगों से संभव हुई। वर्ष 2021 में अधिवक्ता कुश कालरा द्वारा दायर की गई जनहित याचिका इस दिशा में निर्णायक सिद्ध हुई। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क दिया कि एनडीए में महिलाओं की अनुपस्थिति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16—जो समानता, भेदभाव निषेध और अवसर की समानता की गारंटी देते हैं—का सीधा उल्लंघन है।



आज की बात



**कैप्टन(डॉ.) जी. सी. बास्के**
एनसीसी अधिकारी 2/19 झारखंड बटालियन एनसीसी
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची

### इस उपलब्धि तक पहुंचने में लगा समय

- **1990 के दशक :** महिलाओं को पहली बार सेना में सीमित गैर-युद्ध भूमिकाओं में शामिल किया गया।
- **2008–2010 :** महिलाओं के लिए स्थायी कमीशन पर चर्चा प्रारंभ, परंतु एनडीए अब भी महिलाओं के लिए बंद।
- **2019 :** सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन को लेकर सकारात्मक निर्णय दिए।
- **अगस्त 2021 :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एनडीए परीक्षा में महिलाओं को सम्मिलित करने का निर्देश दिया।
- **नवम्बर 2021 :** महिलाओं के लिए एनडीए प्रवेश परीक्षा पहली बार आयोजित।
- **दिसम्बर 2022 :** महिला कैडेट्स की पहली बैच एनडीए में सम्मिलित हुई।
- **29 मई 2025 :** 17 महिला कैडेट्स की प्रथम एनडीए बैच ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया—एक ऐतिहासिक घटना।

### सरकार द्वारा की गई पहलें

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भारत सरकार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कई परिवर्तन लागू किए।
- रक्षा मंत्रालय ने एनडीए में प्रवेश नीति में संशोधन किया।
- भवन और प्रशिक्षण अवसंरचना को महिलाओं के अनुकूल बनाया गया, जिसमें अलग रहने की व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधाएँ, और विशेष प्रशिक्षण पद्धतियाँ सम्मिलित हैं।
- यूपीएससी ने महिलाओं को एनडीए परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी।
- प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में कोई भेदभाव नहीं रखा गया—महिला और पुरुष कैडेट्स को समान सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है।

### इस निर्णय का व्यापक सामाजिक प्रभाव

1. **लैंगिक समानता का प्रतीक:** यह निर्णय देश के संवैधानिक मूल्यों—विशेषकर समानता और न्याय—का पुन:स्थापन है।
2. **नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा:** देशभर की युवा बालिकाओं को यह संदेश जाता है कि वे भी सैन्य नेतृत्व की भूमिका में अपना भविष्य गढ़ सकती हैं।
3. **सांस्कृतिक परिवर्तन:** सैन्य सेवा को केवल पुरुषों के लिए उपयुक्त समझने वाली सोच में बदलाव संभव होगा।
4. **प्रतिभा का विस्तार:** एनडीए के माध्यम से अब भारतीय सेना को विविध और योग्य महिला नेतृत्व प्राप्त होगा।

### भविष्य में संभावित परिवर्तन

- **महिला नेतृत्व में वृद्धि:** एनडीए से प्रशिक्षित होकर महिलाएं भविष्य में उच्च पदों तक पहुंचेंगी।
- **संधारणीय रक्षा नीतियां:** भविष्य में रक्षा नीतियां अधिक लैंगिक-संवेदनशील और समावेशी होंगी।
- **युद्धक्षेत्र की भूमिका:** एनडीए प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अब बेहतर तैयारी के साथ युद्धभूमि में भूमिका निभाने हेतु सक्षम होंगी।
- **सैन्य संस्कृति में बदलाव:** एनडीए जैसी संस्थाओं में महिला उपस्थिति से परंपरागत लैंगिक पूर्वग्रह कम होंगे और आपसी सम्मान की भावना प्रबल होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## वंदे गंगा जल संरक्षण
## दूरगामी सोच का परिणाम है जन अभियान

जल है तो कल है की चुनौती के बीच राजस्थान की भजन लाल सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में मानसून से पूर्व 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान इस मायने में महत्वपूर्ण है कि राजस्थान सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, दादरा-नगर हवेली और दमन दीव देश के ऐसे राज्य या केन्द्र शासित प्रदेश हैं जहां भूजल की निकासी भूजल के पुनर्भरण से कहीं अधिक हो रही है। अगर राजस्थान की बात करें और वह भी शुद्ध पेयजल की बात की जाए तो पीने योग्य पानी और उसकी उपलब्धता में 30 फीसदी का अंतर है। 30 प्रतिशत का अंतर कोई छोटा अंतर नहीं है। ऐसे में इसे भली-भांति समझा जा सकता है कि राज्य सरकार को नागरिकों के लिए पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता बनाये रखने की चुनौती से कैसे दो-चार होना पड़ता होगा।

वास्तव में यह गंभीर समस्या है। समूचे विश्व में पानी की उपलब्धता का संकट है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 1950 में जहां प्रति व्यक्ति सालाना 5200 घनमीटर पानी की उपलब्धता थी, वह 2024 आते-आते 1401 घनमीटर रह गई है। यदि विशेषज्ञों की मानें तो 2050 तक यह उपलब्धता 1191 घनमीटर रह जाने की संभावना है। यही कारण है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों कहा कि पानी का उपयोग कम करें, पुनः उपयोग करें और पुनः चक्रित करने की नीति पर चलना होगा। देश में जल के पुनर्भरण में लगातार कमी आ रही है। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता के मामले में आज भारत 182वें स्थान पर आ गया है। भूजल की उपलब्धता को देखा जाए तो 1950 से 2024 के दौरान 73 प्रतिशत की कमी आ गई है। दिल्ली, चैन्नई, पुणे, हैदराबाद, मुंबई सहित देश के अनेक छोटे-बड़े शहर पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। विश्वव्यापी जल संकट को देखते हुए राजस्थान की भजनलाल सरकार की इस पहल को महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। दरअसल देश में उपलब्ध भूजल का 87 प्रतिशत उपयोग खेती किसानी में होता है तो 11.7 प्रतिशत उपयोग घरेलू कार्यों और लगभग 2 प्रतिशत उपयोग ही औद्योगिक क्षेत्र में होता है। संकट का बड़ा कारण परंपरागत जल संग्रहण स्त्रोतों का नष्ट होना, उनमें अवरोध होना, बढ़ती आबादी और शहरी क्षेत्र में आबादी का घनत्व बढ़ने के साथ अत्यधिक पानी की आवश्यकता वाली उपज को बढ़ावा देने से जल दोहन अधिक होने लगा है।

देश की बात



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला-भारत को नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है। ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे।

आपकी बात



**संतोष कुमार पाठक**

लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। लेकिन इस स्टैंड के बावजूद संकट के समय पर पहले सोवियत संघ रूस ने और बाद में रूस ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया।

हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

वह तुलसी का थामड़ा, घर-आंगन के बीच।
दीया बाती नित्य की, लोटा जल से सींच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मानवी हस्तक्षेप से दूषित पर्यावरण अब बना जीवसृष्टि के विनाश का कारण

संपूर्ण ब्रह्माण्ड में केवल पृथ्वी पर ही जीवन सम्भव है, क्योंकि यहाँ जीवन के लिए आवश्यक घटकों का बेहतर समन्वय स्थापित हुआ। हमारे आस-पास का पर्यावरण मानव विकास में सहयोगी है, लेकिन मनुष्य ने सभी सीमाएं लांघकर उन पर्यावरणीय घटकों को बेहद नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया और यह अब मानव जीवन के लिए खतरनाक होता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन, मिलावटखोरी, जहरीले रसायनों का अत्यधिक इस्तेमाल, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता, बढ़ता इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट, प्रदुषण, शोर, अशुद्धता, जंगल कटाई, सिमेंटीकरण, बढ़ता शहरीकरण, सरकारी नियमों की अवहेलना, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों का नुकसान, ओज़ोन परत की क्षति, प्रकृति से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं पर्यावरण को बर्बाद कर रही है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं में बेहद वृद्धि हुयी है। तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बहुत तेजी से बढ़ी, जिसका सीधा असर जैव विविधता पर पड़ रहा है। पर्यावरण में अत्यधिक मानवीय हस्तक्षेप से समस्त जीवसृष्टि को आघात पहुंचा है। अब धीरे-धीरे इसका गंभीर परिणाम सबको भुगतना पड़ रहा है। युद्धस्तर पर हमें तत्काल पर्यावरणपूरक कार्यक्रलापों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वर्ना जीवसृष्टि का विनाश तो चल ही रहा है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु हर साल 5 जून को "विश्व पर्यावरण दिवस" दुनियाभर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है, "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें"। यह विषय प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम के ऋतुओं का चक्र बिगड़ गया है, अभी गर्मी में बारिश, बारिश में ठंडी, ठंडी में गर्मी तो कभी बारिश होती है, जिसका बुरा असर फसलों और स्वास्थ्य पर पड़ता है। फसलें खराब होती है, कहीं बाढ़ तो कहीं सूखे की गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा किसान, छोटे व्यापारी और गरीबों को होता है, साथ ही वन्यजीव और जलचर प्राणी जगत को भी नुकसान पहुँचता है। शुद्ध जल से निर्मित हिमखंड पिघल कर समुद्र में समा जाते है, जिससे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और तापमान में लगातार वृद्धि जारी है। मानवी स्वास्थ्य बदलते मौसम के साथ लगातार कमजोर होता जा रहा है, जानलेवा घातक बीमारियां तेजी से जकड रही है, रोगप्रतिकारक क्षमता क्षीण हो रही है। अभी गर्मी में बढ़ती आर्द्रता दम घोटने वाली साबित हो रही है, जो शरीर को अंदर से उबाल रही है, ऐसा महसूस होता है। जीवसृष्टि के लिए वरदान ओजोन परत को लगातार नुकसान होने के कारण अब हमें खतरा निर्माण हो रहा है, इस शोर-शराबे और प्रदूषित वातावरण के कारण हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी तेजी से बिगड़ता है।

अलग बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

आनेवाली पीढ़ी के हिस्से का प्राकृतिक संसाधन हमने पहले ही ख़त्म करना शुरू कर दिया है, ऊपर से जहरीले वातावरण में लगातार वृद्धि कर रहे है। हम अपने स्वार्थ में इतने अंधे हो चुके है, कि हमारे घर के बाहर कोई हराभरा वृक्ष है, जो हमें शुद्ध ऑक्सीज़न, छाया, फल, फूल, नमी देता है फिर भी हम ये सोचते है कि इस वृक्ष को काटकर उस जगह पर अतिक्रमण कर लें। मनुष्य की ऐसी हरकतों के कारण ही चहचहाते पंछियों ने घनी आबादियों से दुरी बना ली। शहरों से बहने वाली नदियां अब गंदगी भरी नालों में तब्दील हो चुकी है। बहुत बार देखा जाता है कि, अधिकारियों या निविदा पर काम करनेवाले ठेकेदारों की लापरवाही का नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ता है, जैसे :- थोडीसी बारिश में ही बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और सरकार के दावों की पोल खोल देती है। बरसात आते ही सड़कों पर पानी जमा हो जाता है, हर तरफ खड्डे पड़ जाते है, कही रास्तों पर दिन में पथदीप शुरू और रात को बंद रहते है, तो कही ट्रैफिक सिग्नल बंद रहते है, तो कही सड़कों पर नल का पानी बहता रहता है, तो कहीं ठेकेदार रास्तों पर गड्डे खोदकर छोड़ देते है। प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग और घातक रसायनों का धड़ल्ले से प्रयोग नजर आता है। कहीं खुले में कचरा जलाया जाता है, तो कहीं सड़क किनारे ही कचरे का ढेर लग जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जंगलों को बचाने में वन विभाग नाकाम, हर दिन कट रहे हैं पेड़

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** हर बार विश्व पर्यावरण दिवस पर नेता, अधिकारी और जिम्मेदार पर्यावरण व पेड़ बचाने की बात करते हैं मगर जमीनी स्तर पर इसका कुछ प्रभाव नहीं दिखता है। बस पर्यावरण दिवस पर ही जिम्मेदारों को पर्यावरण के लिए पेड़ पौधों की याद आती है। बाद में पर्यावरण के बारे में सब भूल जाते है। आज पर्यावरण व पौधारोपण एक फैशन शो की तरह हो गया है। एक ओर सरकार पेड़ पौधे व पर्यावरण बचाने की बात करती है तो वहीं अधिकारियों के बैठकों में पेड़ों को बचाने के लिए कई आदेश निकलते हैं वह आदेश जिला मुख्यालय पर आते-आते चार दिन में ही खत्म हो जाता है उसके बाद उन आदेशों को फाइलों में तब्दील कर रख दिया जाता है। पर्यावरण बचाने को लेकर जलडेगा में कई कार्यक्रम होना चाहिए मगर ऐसा कोई कार्य आज तक नही किया जिसकी बखान प्रखंड की जनता कर सके। आज नया जंगल लगाना तो दूर, वन विभाग और प्रशासन के सामने बचा-खुचा जंगल बचाना भी सबसे बड़ी चुनौती है। हालात यह है कि प्रशासन और वन विभाग सिर्फ जंगल की जमीन बचा पा रहा है, कट रहा जंगल नहीं। यही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब जिले में हरियाले जंगलों की जगह तपते मैदान ही नजर आएंगे। जिला आदिवासी बाहुल्य है। इसमें सबसे शर्मसार करने वाली बात तो यह है कि हर दल जंगल जमीन को बचाने का झूठा वादा करते हैं। इसके बाद कुल्हाड़ी की धार और तेज हो जाती है और धार जिले के जंगल खत्म होते जाते है। दिनों दिन जंगल कटाई भी बढ़ जाती है।आज विश्व पर्यावरण दिवस है पर्यावरण को लेकर कोई पेड़ लगाता है, तो रक्षासूत्र बांधकर पेड़ व वनों की रक्षा करने का शपथ लेता है लेकिन जलडेगा प्रखण्ड में इसके विपरीत वनों को रक्षा एवं सुरक्षा देने में वन विभाग पुरी तरह से फेल है। कहीं विकास के नाम पर सैकड़ों पेड़ काट दिया गया तो कहीं खेत बनाने के नाम दर्जनों पेड़ काट दिए और अचंभे की बात वन विभाग को पता भी नहीं चला।मिडिया जानकारी के बाद बड़ी कार्रवाई का अंजाम दिया जाता है। दुसरी ओर माफिया भी बड़े पैमाने पर सक्रिय हैं। वनों में आग लगाने का सिलसिला भी जारी है। कभी जंगल में जंगली सियार के चिख से रात गुंजायमान रहता था आज इनकी आवाज सुनने के लिए लोग तरस रहे हैं। पहला मामला लचरागढ से बाड़ीबिरिंग तक 16 किलोमीटर सड़क निर्माण में बिना अनुमति सैकड़ों पेड़ काट दिए गए।

# इंटरमीडिएट आर्ट्स में सिमडेगा की बेटियों ने लहराया परचम, कोलेबिरा की दिव्या झा बनीं जिला टॉपर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा गुरुवार को इंटरमीडिएट आर्ट्स का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें सिमडेगा जिले की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। जिले में प्रथम स्थान कोलेबिरा की दिव्या कुमारी झा ने प्राप्त किया है। उन्होंने 444 अंक (88.80%) हासिल कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया।दिव्या झा कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय निवासी किराना दुकानदार एवं बजरंग दल संयोजक धनंजय झा और उनकी धर्मपत्नी आशा झा की पुत्री हैं। उन्होंने एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय, कोलेबिरा से परीक्षा दी थी। दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों को देते हुए बताया कि वह आगे चलकर आईएएस बनना चाहती हैं।दूसरे स्थान पर झिरकामुण्डा निवासी सफर अली अंसारी की पुत्री महरूक प्रवीण रही हैं। उन्होंने संत पियूष इंटर कॉलेज, रेंगारी से 438 अंक (87.60%) प्राप्त किए हैं। महरूक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उनकी इस सफलता पर परिजनों एवं स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।तीसरा स्थान भी कोलेबिरा की बेटी सुप्रिया कुमारी ने हासिल किया है। सुप्रिया ने 427 अंक (85.40%) प्राप्त किए हैं। वह सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी रणधीर कुमार प्रसाद और उनकी पत्नी स्नेहलता देवी की पुत्री हैं। सुप्रिया ने भी एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय, कोलेबिरा से परीक्षा दी थी और आगे चलकर आईएएस बनने की इच्छा जताई है।इसके अलावा दसवें स्थान पर कोलेबिरा की परी कुमारी रही हैं। उन्होंने 405 अंक (81%) हासिल किए हैं। परी एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक अजय प्रसाद और ममता देवी की पुत्री हैं।जिले में बेटियों की इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### टॉपर की सूची

1. दिव्या कुमारी एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, कोलेबिरा 444, 88.8
2. महरुक प्रवीण संत पियूष इंटरमीडिएट कॉलेज, रेंगारी है 438, 87.6
3. अर्पिता समद संत डोमोनीक इंटर कॉलेज लचरागढ़, 429, 85.8
4. सुप्रिया कुमारी एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, कोलेबिरा 427, 85.4
5. रोहित सोरेंग संत डोमोनीक इंटर कॉलेज लचरागढ़ 418 ,83.6
6. दीपिका कुमारी उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, सामटोली सिमडेगा 418, 83.6
7. रावेल डांग संत डोमोनीक इंटर कॉलेज, लचरागढ़ 410, 82.0
8. सरिता डांग संत एसएस प्लस 2 बांसजोर 409 81.8
9. रूपेंद्र साहू एसएस प्लस 2 सिमडेगा 405,81 10.परी कुमारी एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, कोलेबिरा 405, 81.0
10. किरण कुल्लू उर्दू गर्ल्स बालिका इंटर कॉलेज, सामटोली 403, 80.6

## विधायक कोलेबिराऔर डीसी के बीच शिष्टाचार मुलाकात में जनहित मुद्दों पर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा के माननीय विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने जिले में आम जनता द्वारा राशन कटौती की लगातार मिल रही शिकायतों की जानकारी उपायुक्त को दी। इस पर उपायुक्त सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।मुलाकात के दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और सुदृढ़ बनाने को लेकर भी गहन चर्चा हुई। विधायक ने विभिन्न सरकारी विद्यालयों की वर्तमान स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने जानकारी दी कि कई विद्यालयों के भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जिन्हें ध्वस्त कर नया भवन निर्माण आवश्यक है। इस पर उपायुक्त ने विद्यालय भवनों के सर्वेक्षण कराने तथा निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने पर सहमति जताई। इसके अतिरिक्त आवास विहीन विद्यालयों के लिए भवन निर्माण को प्राथमिकता देने, छात्र-छात्राओं की सुविधा बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न उपायों पर चर्चा हुई। वार्ता सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर समन्वित प्रयासों पर बल दिया गया।

# सूचीबद्ध कलाकारों को मादक पदार्थों के प्रति किया गया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, सिमडेगा के सभागार में जिले के सूचीबद्ध कलादलों के कलाकारों के लिए मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटु महतो ने उपस्थित कलाकारों को ड्रग्स और उससे होने वाले सामाजिक, मानसिक, शारीरिक व आर्थिक नुकसानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कलाकारों को बताया गया कि तंबाकू, शराब, भांग, गुटखा आदि गेटवे ड्रग्स हैं, जो धीरे-धीरे व्यक्ति को नशे की लत की ओर ले जाते हैं। प्राकृतिक ड्रग्स (गांजा, अफीम), अर्द्ध कृत्रिम ड्रग्स (हेरोइन, स्मैक) तथा कृत्रिम ड्रग्स और नशीली दवाओं (कफ सिरप, नींद की गोलियां आदि) के सेवन से गंभीर परिणाम हो सकते हैं।कार्यशाला में नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थ अधिनियम 1985 की धाराओं के अंतर्गत मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों और दंड की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही नशे के शिकार व्यक्तियों की पहचान, परामर्श केंद्रों एवं पुनर्वास संस्थानों की जानकारी और टोल फ्री नंबर भी साझा किए गए।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण और गर्भपात कराने वाला आरोपी चाईबासा से गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** महिला थाना सिमडेगा में दर्ज एक गंभीर मामले में पुलिस ने आरोपी को पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। मामला महिला थाना कांड संख्या 11/2025, दिनांक 30.03.2025 से जुड़ा है, जिसमें आरोपी सुबोध कुमार पिता विजय प्रसाद, निवासी रुसू, थाना केरसई, जिला सिमडेगा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 313 एवं 417 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता नीलम कुमारी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उसे शादी का झांसा देकर लंबे समय तक यौन शोषण किया, और जब वह गर्भवती हुई, तो उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात करा दिया। साथ ही, उसने छलपूर्वक विश्वासघात भी किया।प्राथमिकी दर्ज होने के पश्चात अभियुक्त दो महीने से फरार चल रहा था और चाईबासा जिला के सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपोस में छुपा हुआ था।

# सिमडेगा डीसी ने जनता की शिकायतों पर दिए त्वरित समाधान के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने जनता दरबार का आयोजन कर आम नागरिकों से मुलाकात की और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं, जिनमें प्रमुख रूप से नौकरी के लिए चल-अचल संपत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने, सेवानिवृत्त शिक्षक की पत्नी को पारिवारिक पेंशन भुगतान कराने, अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने, पुश्तैनी खतियान जमीन का आपसी बांटवारा कराने और जमीन विवादों का निष्पादन करने जैसे मामलों को शामिल किया गया।इसके अतिरिक्त, खराब जलमिनार की मरम्मत कराने, बानो प्रखंड के डालियामार्चा गांव में बिजली आपूर्ति बहाल कराने तथा सड़क निर्माण की मांग जैसे जनहित से जुड़े मुद्दे भी सामने आए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।उपायुक्त बानो प्रखंड के डालियामार्चा गांव में यथाशीघ्र विद्युत की व्यवस्था बहाल करने एवं गांव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आच्छादित करने की बात कहीं।जनता दरबार जैसी पहल से जिला प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद मजबूत होता है और पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्यों को गति मिलती है। यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था को जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उपायुक्त सिमडेगा का विशेष कार्यक्रम



**सिमडेगा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालक परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। उपायुक्त महोदया ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और उन्हें पर्यावरण की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पौधारोपण के उपरांत उपायुक्त ने विद्यालय के कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे न केवल पढ़ाई में अच्छे परिणाम लाएं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक विषयों में भी जागरूक रहें और सक्रिय भूमिका निभाएं।उन्होंने बच्चों को बताया कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इस बार की थीम 'हमारा पर्यावरण, हमारी जिम्मेदारी' पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को स्वच्छ और हरित पर्यावरण के लिए योगदान देना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' का उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। यह न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि जीव-जंतुओं के जीवन को भी खतरे में डालता है।

# एनएच-143 पर जाम और दुर्घटनाओं से लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन क्षेत्र में यातायात जाम की समस्या अब विकराल रूप ले चुकी है। रोजाना घंटों तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों, स्कूल जाने वाले बच्चों, रोगियों और दूर-दराज़ से आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जाम की मुख्य वजहें अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था हैं। स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैलाने से पैदल चलने वालों को भी दिक्कत होती है, वहीं ग्राहकों के वाहनों के कारण मुख्य मार्गों पर अवरोध उत्पन्न हो जाता है। खासकर राष्ट्रीय राजमार्ग-143, जो भारी वाहनों की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है, पर अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। रण बहादुर सिंह चौक और बानो रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर बसें व अन्य सार्वजनिक वाहन सड़क के किनारे यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए देर तक खड़ी रहती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। इसके अलावा, ऑटो चालकों द्वारा बीच सड़क पर सवारी बैठाने की प्रवृत्ति भी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।एक अन्य गंभीर समस्या है एनएच 143 पर बनाए गए अवैध स्थायी ढांचे, जैसे कि वाहन धुलाई केंद्र, जिनसे निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। इसके कारण सड़कों पर कीचड़ और जलजमाव की स्थिति बनी रहती है, जिससे दोपहिया वाहन और छोटे वाहन फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

## तालाब निर्माण में गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज



नवीन मेल संवाददाता

● प्रशासन निर्माण कार्य में लाए सुधार, अन्यथा होगा आंदोलन: सुजान

**जलडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा अंतर्गत जलडेगा प्रखंड के राजस्व ग्राम बनजोगा में तालाब निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भाजपा नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्री सुजान मुंडा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि कार्य में शीघ्र सुधार नहीं लाया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने श्री मुंडा को जानकारी दी कि बनजोगा में 200 x 480 फीट के स्वीकृत तालाब निर्माण कार्य में बिचौलियों का हस्तक्षेप है तथा निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। ग्रामीणों और लाभुकों के आग्रह पर श्री मुंडा ने तालाब स्थल का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने गुणवत्ता में गंभीर खामियां पाईं।लाभुक समिति के अध्यक्ष बेंजामिन टोप्पो ने शिकायत की कि निर्माण कार्य में उनकी कोई भागीदारी नहीं है और कार्य मनमाने ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मिट्टी को केवल तालाब के बीच से निकाल कर किनारे डाला जा रहा है और बाहर नहीं निकाला जा रहा है। जेसीबी मशीन से सीढ़ीनुमा कटाव कर तालाब को गहराई में अधिक दिखाने का प्रयास हो रहा है, जिससे वास्तविक खुदाई की जगह सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। साथ ही, लाभुकों को अभी तक न तो परियोजना की लागत बताई गई है, न ही यह बताया गया है कि कितनी गहराई में खुदाई की जाएगी। संवेदक की पहचान भी उन्हें नहीं दी गई है।लाभुकों ने श्री मुंडा से अपील की कि तालाब की खुदाई ज़मीन की सतह से कम से कम 8 फीट नीचे तक करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों को वास्तविक लाभ मिल सके।तत्पश्चात श्री मुंडा ने कनिष्ठ अभियंता रोशन सिंह से दूरभाष पर संपर्क कर उन्हें फटकार लगाई और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता बरतने की बात कही।

# पेड़ लगाकर अपने भविष्य को रखें सुरक्षित : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

● विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विधायक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**सिमडेगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पाकरटांड के सिकरियाटांड पंचायत में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। विधायक और जिप सदस्य ने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि अगर हमें भविष्य सुरक्षित रखना है, तो प्रकृति को बचाना होगा। जब हम पेड़ लगाते हैं, तो केवल हरियाली नहीं बढ़ाते, बल्कि जीवन का आधार मजबूत करते हैं। जलवायु परिवर्तन आदि सभी समस्या मनुष्य की लापरवाही का नतीजा हैं। अगर आज हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों के सामने संकट खड़ा होगा। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर साल एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल ऐसे करें जैसे अपने बच्चे की करते हैं। विधायक ने बच्चों और युवाओं से विशेष रूप से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण आंदोलन में युवा सबसे बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

## पर्यावरण की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य : जोसिमा खाखा



वहीं जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हमारी धरती को आज देखभाल की जरूरत है। लेकिन हम नजरअंदाज कर रहे हैं। हर ब्यक्तिअगर एक-एक पेड़ लगाए, तो हमारा पूरा इलाका फिर से हराभरा हो जाएगा। पर्यावरण बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाएँ जल, जंगल और जमीन से गहराई से जुड़ी होती हैं। अगर उन्हें जागरुक किया जाए तो पर्यावरण संरक्षण एक जनआंदोलन बन सकता है। कार्यक्रम में उर्मिला केरकेट्टा, समीर किंडो, विक्टर खेस आदि उपस्थित थे। सभी ने पौधारोपण किया और पर्यावरण बचाने की शपथ ली।

# न्यूज बॉक्स

### मुखिया ने किया स्वंय सहायता समूह राशन डीलर, कोचेडेगा का औचक निरीक्षण

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड की कोचेडेगा पंचायत में आज मुखिया शिशिर टोप्पो ने स्वंय सहायता समूह लुकीबाहर के सार्वजनिक वितरण प्रणाली केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उस समय किया गया जब केंद्र पर राशन का वितरण किया जा रहा था।निरीक्षण के दौरान मुखिया ने ग्रामीणों से सीधे बातचीत की और राशन वितरण में किसी भी प्रकार की कटौती के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुखिया को बताया कि उन्हें तीन महीनों का राशन जून, जुलाई और अगस्त का कोटा एक साथ दिया जा रहा है।हालांकि, ग्रामीणों ने राशन की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें दर्ज कराईं। उन्होंने बताया कि चावल में फफूंदी लगी हुई थी, जबकि गेहूं में खरपतवार और घुन पाए गए थे।मुखिया ने तुरंत इस मामले में स्वंय सहायता समूह के सदस्यों से जवाब-तलबी की। समूह के सदस्यों ने बताया कि उन्हें गोदाम से ही इसी प्रकार का राशन प्राप्त होता है। मुखिया ने उन्हें निर्देश दिया कि वे इस संबंध में एक विस्तृत लिखित शिकायत प्रस्तुत करें, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मदर टेरेसा कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण

**सिमडेगा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मदर टेरेसा कॉलेज आफ नर्सिंग बानो में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सिंग छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने कहा कि यह दिन पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।आज पर्यावरण संरक्षित करना हम सबों का कर्तव्य ही नहीं बल्कि धर्म है उन्होंने कहा की 1972 ई. में पर्यावरण दिवस मनाने का संकल्प लिया गया और 5 जून 1973 ई पूरा विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। इस बर्ष का संकल्प है कि वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। सभी छात्राओं और ट्यूटर्स के साथ निदेशक ने वृक्षारोपण किया आज के कार्यक्रम में प्राचार्या एरेन बेक, प्राचार्य निशि डुंगडुंग , तनु प्रिया साहू अमृता जोजो, वंदना धनवार , लीला कुमारी प्रिया कुमारी विनीता कुमारी एवं सभी एएनएम जीएनएम की छात्राएं मौजूद थी।

### झामुमो सिमडेगा ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया

**सिमडेगा।** झामुमो नेताओं का प्रतिनिधि मंडल सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छा देकर सिमडेगा जिला में स्वागत किया। मौके पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में शांति व्यवस्था लगातार बनाए रखने की अपील के जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्व की भांति जिले में शांति व्यवस्था बनी रहेगी झामुमो प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना,जिला सचिव मो सफीक खान,केन्द्रीय समिति सदस्य।फिरोज अली,जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाईक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो,पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य मो शहीद, नगर अध्यक्ष अनस आलम,कुरडेग प्रखंड सचिव अशोक दास उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल, इलाज के लिए सिमडेगा भेजा गया

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा बाजार के पास आज एक तेज़ रफ़्तार मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक स्कूटी पर सवार होकर तेज़ गति से बोलबा की ओर आ रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर वाहन सड़क किनारे एक पत्थर से टकरा गया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।घायलों की पहचान किशोर कुल्लू, पिता निर्मल कुल्लू, उम्र 22 वर्ष तथा अमृत डूंग डूंग, पिता जेम्स डूंग डूंग, उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों युवक लेटाबेड़ा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को बोलबा अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सक डा. देबतोष भूटिया की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज़ गति से चलने वाले वाहनों पर नाराजगी जताई और प्रशासन से सुरक्षा उपायों की मांग की।

### कैलाश धाम कर्रामुंडा पर्यटन क्लब का किया गया गठन

**बोलबा।** सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध दर्शनीय सह पर्यटन स्थल कैलाश धाम कर्रामुंडा पर्यटन क्लब का गठन मुखिया रेणुका सोरेंग की अध्यक्षता में किया गया। मौक़े पर अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव मोतीराम. बेहरा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र बेहरा, एवं उपाध्यक्ष कमलेश पातर को सर्व सम्मति से चयन किया गया जबकि सदस्य में रामेश्वर सेनापति, प्रेमचंद. बेहरा, नारायण बेहरा, अनिल बेहरा, संदीप एर्गेट, इसीडोर एरगेट, मनीषा देवी, बिपती देवी, सीतामुनि देवी, ख़ुशी देवी, को चुना गया। इस मौक़े पर सर्व सम्मति से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के. नाम से बैंक में खाता खोलने एवं खाता संचालन करने का निर्णय लिया गया। कोरोमियां पंचायत के मुखिया रेणुका सोरेंग ने बताया कि कैलाश धाम कर्रामुंडा ग्रामीण पर्यटन स्थल ग्रेड की सूची में अंकित हुआ है। इसकी विकास के लिए सरकार के आदेशानुसार समिति गठन किया गया। कैलाश धाम कर्रामुंडा पर्यटन स्थल का अब विकास की ओर बढ़ने शुरू हो गया है। इस विकास की. गति को हम और भी आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मुखिया रेणुका सोरेंग ने कहा जागरूक होकर सरकार की योजनाओं की जानकारी ले और गांवो में योजना चलाकर गांव की विकास करें।

### एकल अभियान समिति के सदस्यों के वृक्षारोपण सह गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन

**कोलेबिरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकल अभियान सिमडेगा के तत्वाधान में कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के भंवर पहाड़गढ़ में एकल अभियान संच समिति कोलेबिरा के अध्यक्ष जनेश्वर बिल्हौर के नेतृत्व में एकल अभियान समिति के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण सह गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर कोलेबिरा प्रखंड सच प्रमुख देव शंकर सिंह के द्वारा वृक्षारोपण की गई. इस मौके पर उन्होंने कहा कि 5 जून को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।इसी अवसर पर हमारे द्वारा आज कोलेबिरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई है. उन्होंने आगे की कहा वृक्ष है तो हम है वृक्ष के बगैर संसार का कल्पना नहीं हो सकता इसी वृक्ष से हमें स्वच्छ वायु मिलती है हमें अच्छी ऑक्सीजन मिलती है हम लोगों को इसकी सुरक्षा करना चाहिए. आज लोग अपने आवश्यकता के लिए जिस रफ्तार से पेड़ काट रहे हैं वह आने वाले दिनों के लिए दूरगामी प्रभाव होगा हमें अभी से ही सजग रहने की आवश्यकता है. उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वे लोग प्रतिवर्ष कम से कम पांच वृक्ष जरुर लगे. इस मौके पर लोगों के द्वारा आम के पेड़ लगाए गए।

### बीडीओ एवं सीओ तथा कर्मियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बानो।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बानो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी,अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद और प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।सबने मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि सभी लोग अधिक सारी संख्या में पेड़ लगाए और साथ ही उसकी देखभाल भी करे।प्रकृति को बचाना है तो पेड़ लगाना ही होगा।पेड़ से हमें शुद्ध वायु ऑक्सीजन मिलती है,पेड़ पौधों से इस पास हरियाली आती है।पेड़ पौधों से कई प्रकार की औषधियां भी बनती हैं।उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर साल एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल ऐसे करें जैसे अपने बच्चे की करते हैं। अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।पेड़ लगाना तथा उसकी देखभाल करना हमारे लिए दायित्व की तरह होना चाहिए।अनावश्यक पेड़ की कटाई ना करें इससे पर्यावरण की क्षति होती है,अपितु सभी कोई अपने घर आंगन में पेड़ जरूर लगाए।हर व्यक्ति अगर एक-एक पेड़ भी लगाएंगे तो हमारा पूरा इलाका फिर से हराभरा हो जाएगा।पर्यावरण बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर बीपीओ चारु प्रसाद,कॉर्डिनेटर नीतेश साहू,प्रखंड नजीर नीतीश झा,अंचल निरीक्षक विल्सन केरकेट्टा,राजस्व उप निरीक्षक शैलेश डुंगडुंग,मिथिलेश कुमार गुप्ता,अंचल लिपिक अनिल कुमार,अनुप लकड़ा के अलावा प्रखंड सह अंचल के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

ऑपरेशन सिंदूर डेलिगेशन में शामिल सलमान खुर्शीद ने कहा

## विदेशी सरकारों का संदेश पीएम को पहले ही मिल चुका है



**नई दिल्ली ।** राजनयिक संपर्क यात्रा पर आए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनके अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। खुर्शीद ने कहा कि विदेश में भारतीय राजदूतों ने प्रतिनिधिमंडल की बैठकों के बारे में जयशंकर को पहले ही जानकारी दे दी है, जिसमें उनसे मिलने वाले लोगों, चर्चा के स्तर और उठाए गए प्रमुख मुद्दों जैसे विवरण शामिल हैं। खुर्शीद ने कहा कि मंत्री को कुछ सामान्य चिंताएं भी बताई गईं, जिनमें कई देशों में पारस्परिक संसदीय मैत्री संघों की कमी शामिल है। विदेश मंत्री ने चिंता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि मामले का अध्ययन किया जाएगा।

## पीएम ने दिखाई हरी झंडी राजधानी को मिली सौगात



**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आज दिल्ली सरकार की पहल के तहत दो सौ देवी योजना की इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य सतत विकास और स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त इससे दिल्ली के लोगों के लिए 'जीवन की सुगमता' में भी सुधार होगा। इसके मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे।

पाक-अफगानिस्तान बॉर्डर से आई डराने वाली तस्वीरें

# कैसे जुल्म ढा रहा पाकिस्तान, दो महीने में 2 लाख लोगों ने छोड़ा मुल्क

**करांची । एजेंसी**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान बॉर्डर पर तनाव बढ़ता जा रहा है। खैबर में पाकिस्तानी सेना और तालिबान सैनिकों की भिड़ंत हुई। तालिबानी सेना के जवानों से तनाव के बीच भारी हथियारों के इस्तेमाल की खबर है। दरअसल, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों और तालिबान के बीच 3 फरवरी से झड़पें शुरू हुई थी। हालिया विवाद तब शुरू हुआ जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की, जिसे पाकिस्तानी सेना ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में तालिबान ने पाकिस्तान के चेक पोस्ट पर हमला बोला।

मोटार्र दागने से चेक पोस्ट ध्वस्त हो गया। अब पाकिस्तान ने अफ़गान नागरिकों को देश से बाहर निकालने के लिए प्रयास तेज़ कर दिए हैं, क्योंकि देश के आंतरिक मंत्रालय के डेटा से पता चलता है कि अप्रैल से अब तक 200,000 से ज्यादा लोगों को निर्वासित किया जा चुका है। इसके अलावा, ईरान ने भी अफ़गानों को देश से बाहर निकालना शुरू कर दिया है, जिससे पहले से ही चरमराई अर्थव्यवस्था के बीच लोगों की आमद को संभालने की तालिबान की क्षमता पर चिंताएँ बढ़ गई हैं। अप्रैल में 135,000 से ज़्यादा अफ़गानों ने देश छोड़ा, मई में 67,000 और जून के पहले दो दिनों में ही 3,000 से ज्यादा अफ़गानों ने देश छोड़ा।

नवंबर 2023 में स्वदेश वापसी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक दस लाख से ज़्यादा अफ़गान पाकिस्तान से वापस आ चुके हैं। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से हजारों और अफगानी भागकर पाकिस्तान पहुंचे। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर 2023 में निर्वासन कार्यक्रम शुरू होने के बाद से 10 लाख से अधिक अफगान अपने वतन लौट चुके हैं। ऐसा अनुमान है कि लगभग 30 लाख अफगान नागरिक अब भी पाकिस्तान में रह रहे हैं।



### ईरान ने अफ़गानों को देश छोड़ने का आदेश दिया

इस बीच, तेहरान ने अफ़गानों को देश से बाहर निकालने का अपना अभियान शुरू कर दिया है। देश के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि अफ़गानिस्तान के लोगों के पास ईरान छोड़ने के लिए 6 जुलाई तक का समय है। ईरानी आंतरिक मंत्रालय के नादेर यारहमादी ने सरकारी टेलीविज़न पर कहा कि इससे लगभग 40 लाख अफ़गान प्रभावित होंगे, जिनमें से छह मिलियन से ज़्यादा अफ़गान ईरान में हैं। फिर से सभी देशों से अफ़गानों की जबरन वापसी को तुरंत निलंबित करने का आह्वान किया, चाहे उनकी आप्रवास स्थिति कुछ भी हो, जब तक कि सुरक्षित, स्वैच्छिक और सम्मानजनक वापसी की शर्तें लागू न हो जाएं।

### पाकिस्तान में कितने अफगान रहते हैं?

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी यूएनएचसीआर के अनुसार, पाकिस्तान में 2.18 मिलियन अफ़गान शरणार्थी हैं, जिनके पास दस्तावेज़ हैं। इसमें 2006-07 में की गई जनगणना के अनुसार प्रूफ ऑफ़ रजिस्ट्रेशन (पीओआर) कार्ड रखने वाले 1.3 मिलियन शरणार्थी शामिल हैं, साथ ही 2017 में पंजीकरण अभियान के बाद एसीसी कार्ड प्राप्त करने वाले अतिरिक्त 8,80,000 शरणार्थी भी शामिल हैं।

## अब तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार सत्यापन जरूरी

**ब्यूरो**





- आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर हैं 13 करोड़ से ज्यादा एक्टिव सब्सक्राइबर
- आधार प्रमाणित अकाउंट की संख्या है मात्र 1.2 करोड़

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर के एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज से 1991 में इलेक्ट्रानिक्स व कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग किये थे। उसके बाद कानपुर आईआईटी से मास्टर किये। फिर आईएएस बने । उसी दौरान धंधे वाली पढ़ाई भी किये। फिर नौकरी छोड़ धंधे में आ गये। बाद में जातिगत समीकरण के चलते राजनीति में ला दिये गये और कई मंत्रालयों वाले मंत्री बना दिये गये। तकनीकी के जानकर होने व प्रशासनिक अनुभवो के बाद भी इस रेल मंत्री के कार्यकाल में इतने माह से रेलवे टिकट बुकिंग में इतने बड़े स्तर पर घोटाला हो रहा था , इस पर सब अचरज कर रहे हैं। जब लगातार मीडिया में प्रमाण सहित ख़बरें आईं, कुछ विपक्षी नेताओं ने मामले को उठाया , लिखा , तब जाकर आईआरसीटीसी द्वारा टिकट दलालों के 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी बंद किया गया। इसी तरह से हज़ारों ईमेल आईडी को भी ब्लॉक किया गया। और अब नया नियम के बारे में कहा गया है कि भारतीय रेलवे जल्द ही तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ई-आधार सत्यापन की शुरुआत करेगा। इससे जरूरत के समय वास्तविक यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलना आसान होगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य दलालों पर रोक लगाना व असली यात्रियों को प्राथमिकता देना है। अब तत्काल टिकट बुक वक्त यह एक तरह का वेरिफिकेशन होगा। जो कि टिकट बुक करवा रहे व्यक्ति के आधार कार्ड के जरिए किया जाएगा। कहा जा रहा है कि इससे दलालों द्वारा अवैध टिकट बुकिंग को रोकने में मदद मिलेगी। क्योंकि अक्सर तत्काल टिकट बुकिंग करते समय मिनटों में ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट से तत्काल टिकट बुक हो जाती है।ऐसा दलालों के द्वारा अवैध रूप से टिकट बुक कराने के कारण होता था।

### तो अब यात्रियों को ऐसे बुक करना होगा तत्काल टिकट ?

तत्काल टिकट ट्रेन के चलने से एक दिन पहले ही बुक किए जाते हैं। एसी क्लास के लिए बुकिंग का समय सुबह 10 बजे व स्लीपर क्लास का बुकिंग का समय 11 बजे शुरू होता है। लेकिन रेलवे के इस नए बदलाव के बाद से अब सबसे पहले अपने आईआरसीटीसी अकाउंट को अपने आधार कार्ड के साथ लिंक करना होगा। इसमें यूजर्स को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर जाना होगा। यहां उन्हें अपना अपना यूज़रनेम और पासवर्ड डालकर लॉग इन करना होगा। फिर माय अकाउंट में जाकर ऊपर दाईं ओर क्लिक करना होगा। इसके बाद लिंक यूअर आधार का ऑप्शन चयन करना होगा। इसमें यूजर्स को अपना आधार कार्ड पर दिए नंबर और नाम भरना होगा। इसके बाद इसे एक ओटीपी से वेरीफाई करना होगा। इसके बाद अपडेट का बटन दबाने के बाद वेरिफिकेशन पूरा हो जाएगा। इसके बाद स्क्रीन पर कन्फर्मेशन आएगी और आपका अकाउंट लिंक हो जाएगा। अब कहा जा रहा है कि इस नए तरीके के लागू हो जाने के बाद हर यात्री को डिजिटल रूप से अपनी पहचान सत्यापित करनी होगी। इसके लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल करना होगा। जिसके बाद यूजर को एक ओटीपी मिलेगा और बिना इस ओटीपी के तत्काल टिकट बुक नहीं हो सकेगी। इससे फर्जी बुकिंग और बॉट के जरिए टिकट खरीदने की घटनाएं रोकी जा सकेंगी। इस नए सिस्टम की खास बात यह रहेगी कि पहले 10 मिनट तक सिर्फ वही यात्री तत्काल टिकट बुक कर पाएंगे जिनका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक होगा।मालूम हो कि तत्काल टिकट बुकिंग के फर्जीवाड़े के बारे बहुत कुछ उजागर होने के बाद में भारतीय रेलवे द्वारा विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से 2.4 करोड़ से ज़्यादा यूजर्स को डीएक्टिवेट करते हुए उन्हें ब्लॉक किया गया है। और लगभग 20 लाख दूसरे अकाउंट को भी संदिग्ध पाया गया है, जिनके आधार एवं दूसरे डॉक्यूमेंट की जांच की जा रही है।लेकिन आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अभी 13 करोड़ से ज्यादा एक्टिव सब्सक्राइबर हैं, जिनमें आधार प्रमाणित अकाउंट की संख्या 1.2 करोड़ है। आईआरसीटीसी ने उन सभी अकाउंट की विशेष जांच का फैसला लिया है, जो आधार से ऑथेंटिकेटेड नहीं है। संदिग्ध पाए जाने पर अन ऑथेंटिकेटेड खातों को बंद करने का फैसला किया जाएगा। रेल मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि अब केवल सत्यापित और असली यूजर्स ही तत्काल टिकट बुकिंग सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। मालूम हो कि बीते 5 माह में 2.9 लाख संदिग्ध पीएनआर का पता चला था। ये वो सामान्य व तत्काल टिकट थे, जिसे बुकिंग शुरू होने के 5 मिनट के अंदर खरीदे गए थे। जनवरी से मई 2025 में 2.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी बंद कर दी गई है। इनमें से कई खाते एजेंटों या सॉफ्टवेयर से जुड़े थे, जो सिस्टम में खामियों का फायदा उठा रहे थे। इसके अलावा 20 लाख यूजर आईडी को दोबारा जांच के लिए रखा गया है, 6,800 से ज्यादा डिस्पोजेबल ईमेल डोमेन ब्लॉक कर दिये गये ।देखिए कुछ सुधार होता है या नहीं, या दलाल फिर मिलीभगत से कोई नया लूप - होल ढूंढ लेते हैं?

सीजेआई बीआर गवई ने कहा-

# जजों का रिटायर होने के बाद सरकारी पद लेना ठीक नहीं है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में कहा - मैं रिटायर होने के बाद सरकार से किसी भी भूमिका या पद को स्वीकार नहीं करूंगा। गवई ने इस बात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जजों को रिटायर होने के तुरंत बाद सरकारी पद लेना या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा देना ठीक नहीं है, यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है।गवई मंगलवार को ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में बोल रहे थे। जिसकी मेजबानी ब्रिटेन के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष लॉर्ड रीड ऑफ एलर्मुइर ने की थी।

संवैधानिक न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली कैसे अस्तित्व में आई? इस बारे में बताते हुए सीजेआई गवई ने स्वीकार किया कि कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना हो सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाधान न्यायिक स्वतंत्रता की कीमत पर नहीं आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर देने की कोशिश की कि न्यायाधीशों को बाहरी नियंत्रण से मुक्त होना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की नौकरी स्वीकार करने के बारे में बहस का उल्लेख करते हुए सीजेआई ने कहा कि यदि कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार के साथ कोई अन्य नियुक्ति ले लेता है, या चुनाव लड़ने के लिए बेंच से इस्तीफा दे देता है, तो यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताएं पैदा करता है और सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है। गवई ने कहा कि किसी न्यायाधीश द्वारा राजनीतिक पद के लिए चुनाव लड़ने से न्यायपालिका की स्वतंत्रता व निष्पक्षता पर संदेह पैदा हो सकता है, क्योंकि इसे हितों के टकराव या सरकार का पक्ष लेने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी गतिविधियों का समय व प्रकृति न्यायपालिका की ईमानदारी में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि न्यायिक निर्णय भविष्य में सरकारी नियुक्तियों या राजनीतिक भागीदारी की संभावना से प्रभावित होते हैं।उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर, मेरे कई सहयोगियों और मैंने सार्वजनिक रूप से यह वचन दिया है कि सेवानिवृत्ति के बाद हम सरकार से कोई भूमिका या पद स्वीकार नहीं करेंगे। यह प्रतिबद्धता न्यायपालिका की विश्वसनीयता और स्वतंत्रता को बनाए रखने का एक प्रयास है।मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार किया कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार व कदाचार के मामले सामने आए हैं, और कहा कि ऐसी घटनाओं का अनिवार्य रूप से जनता के विश्वास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, तथा इससे पूरी प्रणाली की अखंडता में विश्वास खत्म हो सकता है।उन्होंने कहा कि हालांकि, इस विश्वास को फिर से बनाने का रास्ता इन मुद्दों को हल करने के लिए की गई त्वरित , निर्णायक व पारदर्शी कार्रवाई में निहित है और भारत में, जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने लगातार कदाचार को दूर करने के लिए तत्काल और उचित कदम उठाए हैं। सीजेआई गवई ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने के कदम की भी सराहना की। उन्होंने इसे पारदर्शिता के माध्यम से जनता का विश्वास बढ़ाने और अधिक जवाबदेही को बढ़ावा देने और नैतिक नेतृत्व का उदाहरण स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सीजेआई ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं माना है कि सार्वजनिक पदाधिकारी के रूप में न्यायाधीश जनता के प्रति जवाबदेह हैं। साथ ही न्यायालय ने एक समर्पित पोर्टल बनाया है, जहां न्यायाधीशों की घोषणाएं सार्वजनिक की जाती हैं, जो यह दर्शाता है कि न्यायाधीश भी अन्य सिविल पदाधिकारियों की तरह ही एक हद तक जांच के लिए तैयार हैं। गवई ने संविधान पीठ के मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग को सार्वजनिक पारदर्शिता बढ़ाने के एक कदम के रूप में संदर्भित किया और यह समझाने का प्रयास किया कि कार्यवाही का संदर्भ से हटकर रिपोर्टिंग कैसे जनता की राय को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी शक्तिशाली उपकरण की तरह, लाइव स्ट्रीमिंग का भी सावधानी से उपयोग किया जाना चाहिए, क्योंकि फर्जी खबरें या संदर्भ से बाहर की अदालती कार्यवाही सार्वजनिक धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। चीफ जस्टिस ने कहा कि पिछले हफ़्ते ही मेरे एक सहकर्मी ने हल्के-फुल्के अंदाज़ में एक जूनियर वकील को कोर्ट क्राफ्ट और सॉफ्ट स्किल्स की कला के बारे में सलाह दी थी। इसके बजाय, उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया और मीडिया में इस तरह से पेश किया गया, 'हमारा अहंकार बहुत कमजोर है; अगर आप इसे ठेस पहुंचाते हैं, तो आपका मामला खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा कि मैं यह कहना चाहूंगा कि वैधता और जनता का विश्वास आदेश के दबाव से नहीं बल्कि न्यायालयों द्वारा अर्जित विश्वसनीयता से सुरक्षित होता है। इस विश्वास के किसी भी क्षरण से अधिकारों के अंतिम मध्यस्थ के रूप में न्यायपालिका की संवैधानिक भूमिका कमजोर होने का जोखिम है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक गुण हैं। आज के डिजिटल युग में, जहां सूचना स्वतंत्र रूप से प्रवाहित होती है और धारणाएं तेजी से आकार लेती हैं, न्यायपालिका को अपनी स्वतंत्रता से समझौता किए बिना सुलभ, समझदार और जवाबदेह होने की चुनौती का सामना करना चाहिए।

> यह महत्वपूर्ण नैतिक चिंताओं को जन्म देता है व सार्वजनिक जांच को आमंत्रित करता है



पाकिस्तानी जेल से कैदियों के बाद हेड कॉन्स्टेबल भी फरार

## अपराधियों को भगाने में मदद करने का आरोप लगा, आईजी समेत 23 अधिकारी सस्पेंड

**कराची । एजेंसी**

पाकिस्तान में कराची के मालिर जेल से 2 जून की रात को 216 कैदी फरार हो गए थे। अब इस जेल के हेड कॉन्स्टेबल राशिद चिंगारी के फरार होने की खबर आ रही है। दरअसल, उनपर कैदियों को भागने में मदद करने का आरोप लगा है। सिंध सरकार ने तुरंत उनकी गिरफ्तारी का आदेश दे दिया है। पाकिस्तानी जेल मंत्री अली हसन जरदारी खुद इस मामले को देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 126 कैदी वापस लौट आए हैं, जबकि 90 कैदी अब भी फरार हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि जेल के अंदर ही कुछ अधिकारी कैदियों की मदद कर रहे थे। राशिद चिंगारी का नाम पहले सस्पेंड किए गए 23 जेल कर्मचारियों की सूची में नहीं था, लेकिन बाद की जांच में उनका नाम सामने आया है।

अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन

## ट्रंप बोले- खतरनाक लोगों से देश को बचा रहे, 7 और देशों पर आंशिक रोक लगाई

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 12 देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका की सुरक्षा और लोगों की जान की हिफाजत के लिए जरूरी है। यह बैन 9 जून से लागू हो रहा है। इनके अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आंशिक रोक भी लगाई है। ये इमिग्रेशन और नॉन-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक पूर्ण बैन का मतलब है कि उस देश के अधिकतर नागरिकों का अमेरिका में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित होता है। इनमें टूरिस्ट वीजा, स्टूडेंट वीजा, वर्क वीजा और इमिग्रेंट वीजा चाहने वाले लोग शामिल होते हैं। वहीं आंशिक बैन का मतलब है कि उस देश के नागरिकों पर कुछ खास प्रकार के वीजा या एंट्री पर रोक लगाई जाती है, बाकी पर नहीं।





## आलिया भट्ट ने बेस्ट फ्रेंड की शादी से शेयर कीं अनदेखी तस्वीरें...

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में लोगों का ध्यान खींचने के बाद, आलिया भट्ट अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी में शामिल होने के लिए स्पेन रवाना हुईं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर समारोह की कुछ झलकियां शेयर कीं। कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में लोगों का ध्यान खींचने के बाद, आलिया भट्ट अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी में शामिल होने के लिए स्पेन रवाना हुईं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर समारोह की कुछ झलकियाँ शेयर कीं।

एक तस्वीर में, वह बगीचे में तान्या को गले लगाती हुई दिखाई दे रही हैं, उन्होंने क्रीम कढ़ाई वाली जैकेट और फ्लेयर्ड पैंट पहनी हुई है, जबकि तान्या ने सॉफ्ट पिंक लहंगा पहना हुआ है।

### आलिया भट्ट ने बीबीएफ की शादी की तस्वीरें शेयर की



अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट शेयर किया, जिसमें शादी में अपनी तस्वीरें, विभिन्न प्री-वेडिंग और शादी के उत्सवों की तस्वीरें शामिल हैं। इसमें दुल्हन के साथ उनकी एक तस्वीर और शादी से उनके लुक शामिल थे। आलिया एक आधुनिक ब्लैक स्ट्रैपलेस ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अपनी पोस्ट में, आलिया ने लिखा, "अपनी सबसे अच्छी दोस्त को उसके जीवन के प्यार से शादी करते हुए देखने वाली लड़कियों के समूह से ज़्यादा कोमल, मज़बूत या चमकदार कुछ भी नहीं है @tanya.sg @d_angelov सबसे खूबसूरत शादी, सबसे खूबसूरत दुल्हन - और दिल जितना हम सोच भी नहीं सकते थे, उससे कहीं ज़्यादा भरा हुआ।



# अस्पताल में बेहतर संसाधनों से मरीजों को मिलेगा लाभ : आयुक्त

- समय पर जांच रिपोर्ट व त्वरित इलाज से स्वस्थ होगा पलामू, आयुक्त ने नवजात व कोरवा जनजाति की महिला से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निरीक्षण किया और कहा कि यहां उपलब्ध चिकित्सकीय संसाधनों का सटीक उपयोग हो तो स्वस्थ पलामू की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सिटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट जैसे आधुनिक जांच उपकरणों के साथ स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ सभी मरीजों को मिलना चाहिए।

आयुक्त ने कहा कि मरीजों का समय पर इलाज एवं जांच रिपोर्ट का समयबद्ध मिलना जरूरी है, ताकि गंभीर मरीजों का शीघ्र उपचार हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी सेवा भावना के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मरीज को इलाज या जांच में देरी न हो। उन्होंने इमरजेंसी मरीजों की जांच और इलाज में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया और 24 घंटे जांच सुविधा उपलब्ध कराने को कहा।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने विभिन्न विभागों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मेडाल जांच केंद्र, रक्त जांच केंद्र, एक्स-रे, सिटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट, प्रसूति एवं स्त्री रोग ओपीडी, टीकाकरण केंद्र, चाइल्ड ओपीडी, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, मैटरनिटी वार्ड, एसएनसीयू, मेडिसिन ओपीडी, नेत्र ओपीडी, जेनरल सर्जरी, ऑर्थो ओपीडी, न्यूरो सर्जरी और कार्डियोलॉजी विभागों का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नेत्र ओपीडी में स्वयं आंखों की जांच करवाई। उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं ने भी अपनी आंखों की जांच करवाई। इसके अलावा, गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड के चेटे गमहरिया गांव की कोरवा जनजाति की महिला बेलवंती देवी से मुलाकात की, जिनकी हाल ही में डिलीवरी हुई है। उन्होंने एसएनसीयू में भर्ती 700 ग्राम वजन के नवजात शिशु की स्थिति की जानकारी ली और चिकित्सकों को उसकी विशेष देखभाल के निर्देश दिए।

आयुक्त ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर और मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण से पूर्व आयुक्त ने अधीक्षक कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन से बैठक कर चिकित्सा व्यवस्था, सफाई, जांच व्यवस्था आदि विषयों पर जानकारी ली। इस दौरान आयुक्त के सचिव विजय वर्मा, अस्पताल के प्राचार्य डॉ. पीएन महतो, उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, अधीक्षक डॉ. अजय कुमार, डॉ. आरके रंजन, डीपीएम स्वास्थ्य व हॉस्पिटल मैनेजर सुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद, विधायकों व अधिकारियों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम और मणिका विधायक रामचंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सांसद ने कहा कि जीवन और प्रकृति के संतुलन में पौधों की अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे पौधा लगाएं और उसका संरक्षण भी करें। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस आह्वान की याद दिलाई जिसमें हर नागरिक से पौधा लगाने की अपील की गई है। उक्त अवसर पर आयोजित दिशा समिति की बैठक में भाग लेने सांसद-विधायक लातेहार पहुंचे थे। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह सहित कई पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कुंए से मिला युवक का शव, दो दिनों से था लापता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर गांव में गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने राजेश सोनी के कुएं में एक युवक का शव देखा। सूचना पर थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान प्रीतम तिग्गा (पिता- प्रताप तिग्गा) निवासी आदर्श नगर, महुआडांड़ के रूप में की गई। वह बीते सोमवार रात 8 बजे से लापता था और परिवार द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी। शव काफी देर तक पानी में रहने के कारण फूल गया था और दुर्गंध आ रही थी। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। मृतक की मां बसंती मिंज ने घटनास्थल पर शव की पहचान करते हुए रोना शुरू कर दिया।

## बारियातू पुलिस ने फरार अपराधी आदेश गंझू के घर चिपकाया इश्तेहार

**बारियातू (लातेहार)।** पुलिस ने फरार कुख्यात अपराधी आदेश गंझु के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके पैतृक आवास पर विधिवत रूप से इश्तेहार चस्पा किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि आदेश गंझु, पिता जगतू गंझु, ग्राम होन्हे, थाना टंडवा, जिला चतरा निवासी है। उसके विरुद्ध बारियातू थाना कांड संख्या 70/24, दिनांक 06.11.24 को भादवि व आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया है।

## आरा में कैंपिंग कर लोगों को किया बीमा के प्रति जागरूक

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत आरा गांव में बुधवार को एलआईसी अभिकर्ता पवन कुमार के निजी कार्यालय में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलआईसी के डालटनगंज शाखा के ब्रांच मैनेजर सचिन सिन्हा और विकास अधिकारी विक्रांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित समाजसेवी शिक्षक जितेंद्र प्रसाद, रवि प्रकाश, पदूम यादव, भोला कुमार, बैजनाथ कुमार, मुकेश ठाकुर, द्वारिका यादव, सुखदेव सुकुमार सहित कई ग्रामीणों एवं महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं में अंजू देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, कांति देवी और रूपा देवी शामिल थीं। कैंप में सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लेकर एलआईसी की योजनाओं की जानकारी ली और उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## गंगा दशहरा व पर्यावरण दिवस पर नदी पूजन और पौधरोपण ग्रामीणों में दिखा उत्साह

**लातेहार।** विकास भारती, बिशनपुर द्वारा गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कोटाम और होटवाग ग्राम में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें नदी पूजन उत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक धनंजय कश्यप ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं का समाधान केवल पर्यावरण संरक्षण से ही संभव है। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग से बचने की अपील की और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कोटाम कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय के प्रसाद बैठा और ग्राम प्रधान धीरपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे, जबकि होटवाग में राजधनी प्रसाद यादव, अभय पांडेय और मनकेश्वर मिश्रा समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# चंदवा में बस-टैंकर की जबरदस्त टक्कर, आधा दर्जन यात्री घायल

- अमझरिया घाटी में हुआ हादसा, दोनों चालक वाहन में फंसे, पुलिस व ग्रामीणों की मदद से चला रेस्क्यू ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-39 पर स्थित अमझरिया घाटी गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे की गवाह बनी। सुबह करीब 9 बजे चतरा से रांची जा रही 'चंचल' नामक यात्री बस और सामने से आ रहे एक तेल टैंकर के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और बस व टैंकर के चालक केबिन में फंसकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया।

घायलों की पहचान समीर (चालक, निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश), हीरा देवी (बानो, सिमडेगा), जितेंद्र कुमार (चंदवा), सुबोध भुइयां और जोगिंदर भुइयां (बगरा, चतरा) के रूप में हुई है। सभी को तत्काल चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश को छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल बस चालक का इलाज कुडू में कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घाटी के घुमावदार मोड़ और तेज रफ्तार के कारण दोनों वाहन आमने-सामने आ गए, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद एनएच-39 पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं। स्थिति को देखते हुए चंदवा पुलिस ने तुरंत क्रेन मंगवा कर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और सड़क को खाली कर यातायात सामान्य कराया। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# उपायुक्त ने मैट्रिक व इंटर के टॉप 3 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल जिले के टॉप 3 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट के आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों संकायों के अव्वल विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें पढ़ाई में लगातार मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित किए जाने पर उनके चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास की झलक दिखी। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करने वाले छात्र ही भविष्य के समाज के कर्णधार बनते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि मैट्रिक के एक छात्र ने राज्य की टॉपर सूची में 6वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि इंटरमीडिएट साइंस के एक छात्र ने राज्य में 9वां स्थान पाया है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट साइंस में पलामू जिला पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर रहा है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जिले के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मैट्रिक परीक्षा परिणाम 2024 में 91.933% था, जो 2025 में बढ़कर 94.092% हो गया। इंटरमीडिएट साइंस का परिणाम 2024 में 80.80% था, जो 2025 में 85.79% हो गया। कॉमर्स संकाय में 2024 का रिजल्ट 90.27% था, जो 2025 में 92.67% हो गया। वहीं आर्ट्स संकाय का परीक्षा परिणाम 2024 में 81.94% था, जो 2025 में 88.56% पहुंच गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जिले के स्कूलों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से यह प्रगति संभव हुई है। अभिभावकों, शिक्षकों और प्रशासन के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में कई शिक्षक, जिला शिक्षा कार्यालय के पदाधिकारी, टॉपर छात्र-छात्राओं के अभिभावक, मीडिया प्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## सांसद की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक, विकास कार्यों की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सांसद चतरा कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति "दिशा" की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा पिछली बैठक के निर्देशों के आलोक में कार्यों की प्रगति की प्रस्तुति दी गई। बैठक में पीसीसी पथ निर्माण, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, पेंशन योजनाएं, सड़क दुर्घटनाओं में मुआवजा भुगतान, ट्रांसफार्मर मरम्मत, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं अबुआ आवास योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने कहा कि विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर संवेदनशीलता से कार्य हो। शिक्षा के क्षेत्र में जिले के छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाओं, विद्युत व्यवस्था व सड़क दुर्घटना में सहायता राशि के भुगतान को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। सांसद ने स्पष्ट किया कि सभी विभागीय अधिकारी योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर जनहित को सर्वोपरि रखें। बैठक में शिक्षा, कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, पंचायत, आपूर्ति, बिजली समेत कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन, सांसद व विधायक ने किया पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, लातेहार में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने की। इस दौरान चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह और लातेहार विधायक प्रकाश राम ने वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सांसद कालीचरण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पर्यावरण सुरक्षित नहीं होगा तो मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और प्रदूषण की वजह से पृथ्वी पर जीवन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा पर्यावरण के प्रति सजग रहे हैं और प्रत्येक नागरिक से अपील करते हैं कि वे कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम पर अवश्य लगाएं। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन और आम नागरिकों को वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह धरती को हरा-भरा और जीवनदायिनी बनाए रखने का अभियान है। कार्यक्रम के पूर्व सांसद कालीचरण सिंह का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशल नाथ शाहदेव, छात्र मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष विनय सिंह, संयोजक अमलेश सिंह, बंसी यादव, आशा देवी, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह सहित जिले के अनेक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## ईद-उल-जुहा से पहले पलामू पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल, सुरक्षा व्यवस्था के प्रति दिखाई तत्परता

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) एवं अन्य आयोजनों के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गुरुवार को पुलिस केंद्र, पलामू में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में पुलिस हस्तक नियम-621 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 148 व 149 के तहत विधि विरुद्ध जमाव, दंगा व बलवा की स्थिति से निपटने की तैयारियों को प्रदर्शित किया गया।

ड्रिल के दौरान वाटर कैनन ट्रक, रायट कंट्रोल व्हीकल, एम्बुलेंस, टीजी गन, स्मोक सेल, चिली ग्रेनेड समेत अन्य दंगारोधी उपकरणों के उपयोग का अभ्यास किया गया। पलामू पुलिस ने आम नागरिकों से ईद-उल-जुहा समेत सभी पर्व-त्योहारों में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक पलामू, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), सभी अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी, पुलिस परिचारी, अ.नि. (स.) नागेन्द्र चौधरी व पुलिस केंद्र के जवान उपस्थित रहे। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बल पूरी तरह तैयार है और आम लोगों की सुरक्षा के लिए सतत सजग है।

## पेज एक के शेष

### पर्यावरण नहीं बचा तो

भर में लोग तरह-तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। पारंपरिक रूप से प्रकृति के साथ रचे-बसे रहना झारखंड और झारखंडियों का स्वभाव है। हमारी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में कई प्रयोग किए गए हैं। उनमें से एक कार्यक्रमों में पौधा देकर स्वागत करने का रिवाज शुरू करना भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में प्लास्टिक खत्म करने की मुहिम चल रही है। छोटा प्लास्टिक बैग भी जीवन खतरे में डालने के लिए काफी है। प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए खुद में चेतना जरूरी है। लोगों को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प खुद लेना होगा। हमें सोचना होगा कि पर्यावरण बचाते हुए विकास की ऊंचाइयों को कैसे छूना है। उन्होंने कहा कि आज तेजी से शहरीकरण हो रहा है। जहां पैदल चलने की जगह नहीं, वहां भी लोग बस रहे हैं। नतीजा, गांव की तुलना में शहर के हालात ज्यादा खराब हो गये हैं। ट्रैफिक जाम लग रहा है। स्कूली बच्चे घंटों तक बसों के अंदर फंसे रहते हैं। गांव आज भी कई मायनों में सुरक्षित है। शहर की स्थिति बदतर होती जा रही है। जबकि, शहर में पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। वे दुनिया को बदलते देख रहे हैं। लेकिन, खुद डैम के किनारे ग्रीन एरिया में घर बना कर रह रहे हैं। इस तरह की हर चीज की कीमत सभी को चुकानी होगी।

### लड़ाकू विमान राफेल का

हमरे स्थानीय भागीदारों के लिए यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के उत्पादन में योगदान देगी। हमारे समर्थन से गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास होगा। इस साझेदारी का उद्देश्य वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल के धड़ का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत बढ़ाएगा। यह भारत के आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी दर्शाता है, जो वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन है। यह अनुबंध भारत की 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर पहलों के प्रति डसॉल्ट एविएशन की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डसॉल्ट एविएशन ने पिछली शताब्दी में 90 से अधिक देशों में 10 हजार से अधिक सैन्य और नागरिक विमान (2,700 फाल्कन सहित) वितरित किये हैं। कंपनी ने सभी प्रकार के विमानों के डिजाइन, उत्पादन, बिक्री और समर्थन में दुनिया भर में मान्यता प्राप्त विशेषज्ञता हासिल की है। इसी तरह टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड भारत में एयरोस्पेस और रक्षा समाधानों के लिए महत्वपूर्ण कंपनी है। इसने अब तक एयरोस्ट्रक्चर और एयरो इंजन, एयरबोर्न प्लेटफॉर्म और सिस्टम का निर्माण किया है। कंपनी के पास अग्रणी वैश्विक एयरोस्पेस और रक्षा फर्मों के साथ साझेदारी और संयुक्त उपक्रमों का एक मजबूत पोर्टफोलियो है।

### कार्यपालक अभियंता रिश्वत लेते

जैसे ही उन्हें रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 60 हजार रुपए दिए, एसीबी की टीम ने अभियंता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जांच एजेंसी की टीम कार्यपालक अभियंता को साथ लेकर उनके आवासीय परिसर पहुंची। घर के कोने-कोने की तलाशी के दौरान अब तक 17 लाख रुपए कैश बरामद किए जाने की सूचना है। इसके अलावा बड़ी मात्रा में जेवरात और दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। अभियंता को शुक्रवार को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर जांच एजेंसी उन्हें रिमांड पर ले सकती है। झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो और सीबीआई ने पिछले एक महीने के दौरान रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों में 12 से अधिक सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। रांची में 5 मई को जिला खनन कार्यालय के आउटसोर्सिंग से प्रतिनियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर बिंदेश तिर्की को दो हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। वहीं, 14 मई को रामगढ़ जिले के सिरका स्थित सीसीएल परियोजना कार्यालय में सीबीआई ने छापेमारी कर ओवरमैन सतेंद्र महतो और सेफ्टी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।